Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच


वर्ष: 6 अंक: 256 | बुधवार, 17 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 2047 का विजन तभी सफल, जब देश हो नशा मुक्त'

# एनसीबी सम्मेलन में शाह बोले- युवा पीढ़ी देश की नींव

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने एएनटीएफ प्रमुखों के सम्मेलन में कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। शाह ने ड्रग्स के तीन स्तर के कार्टेल पर कड़ा प्रहार करने, विदेशी तस्करों को प्रत्यर्पित करने और जब्त ड्रग्स को नष्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के



दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

### ड्रग्स के खिलाफ कड़ा अभियान जरूरी

गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है। दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें।

# पीएम मोदी आज मध्य प्रदेश में मनाएंगे 75वां जन्मदिन

**नई दिल्ली/भोपाल।**



एक दशक से नवाचारों के प्रहरी बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 75 वर्ष के होने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने अभिनव संकल्प व प्रयोगों से न सिर्फ लोगों की सोंच को बदला है बल्कि आम जिंदगी को भी नई रफ्तार दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्य प्रदेश आ रहे हैं। यह अवसर खास इसलिए भी है, क्योंकि मोदी दूसरी बार प्रदेश की धरती पर अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 17 सितंबर, 2022 को 72वें जन्मदिन पर कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़कर प्रोजेक्ट चीता की शुरूआत की थी। इस बार प्रधानमंत्री धार जिले के ग्राम भैंसोला में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यहां वे प्रदेश को कई अहम सौगातें देंगे, जिनमें देश का पहला पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व प्रमुख हैं। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान इस दौरान पीएम महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को सुदृढ़ करने के अभियान का उद्घाटन करेंगे। यह अभियान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संयुक्त रूप से संचालित होगा। इसके तहत स्वास्थ्य शिविरों और संस्थानों के माध्यम से निवारक, संवर्धनात्मक और उपचारात्मक सेवाएं दी जाएंगी। इस अभियान में महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच, एनीमिया रोकथाम, संतुलित आहार और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेष जोर रहेगा।

### पीएम मित्र पार्क-टेक्सटाइल हब की दिशा में बड़ा कदम

प्रधानमंत्री देश और प्रदेश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास करेंगे। लगभग 2158 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह पार्क आधुनिकतम सुविधाओं से लैस होगा। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए सौर ऊर्जा संयंत्र, आधुनिक सड़कें, पानी–बिजली की पुख्ता व्यवस्था और 81 प्लग–एंड–प्ले यूनिट्स विकसित की जा रही हैं। अब तक 23,146 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इससे करीब 3 लाख रोजगार (1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष) सृजित होंगे। पार्क किसानों को उनकी कपास की फसल का दोगुना मूल्य दिलाने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री का 5–एफ विजन यहां साकार होगा।

### ऑपरेशन से घबराये नक्सली, कहा- हथियार छोड़कर बातचीत को तैयार



**सुकमा/रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन चलाये जाने से नक्सली भयभीत हैं। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन चलाये जाने से नक्सली भयभीत हैं। माआवोदी संगठन के शीर्ष नेताओं के नक्सल मुठभेड़ में मारे जाने और सरेंडर करने से उनका संगठन लगातार कमजोर हो रहा है। ऐसे में नक्सलियों ने आज मंगलवार को एक प्रेस नोट जारी कर कहा कि वो हथियार बंद संघर्ष को अस्थायी रूप से छोड़कर शांति वार्ता को तैयार हैं। माआवोदियों ने सरकार से सीजफायर करने की अपील की है। सीपीआई (माओवादी) ने कहा कि देश के कई राज्यों में जेल में बंद साथियों से चर्चा करने के लिये सरकार अनुमति दें।

# मणिपुर में आई तूफानी बाढ़ में बह गया ब्रिज, कई गांवों से संपर्क टूटा

**इंफाल।**

मणिपुर की राजधानी इंफाल समेत की जिलों में पिछले पांच दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से आई व्यापक बाढ़ के कारण राज्य सरकार द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने के निर्देश जारी किया है। इसी कारण मणिपुर में मंगलवार को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। वहीं मणिपुर में आई भीषण बाढ़ के कारण 14 सितंबर को दोपहर में थौबल नदी पर बना फाओनाबा यूनिटी ब्रिज बह गया,



जिससे प्रमुख परिवहन संपर्क टूट गया और कई गांव संपर्क से कट गए। बहाव इतना तेज था कि पूरी पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। इस कारण आवश्यक आपूर्ति की आवाजाही बाधित हो गई और नदी के किनारे रहने वाले समुदायों के लिए चिंताएं बढ़ गईं। स्थानीय अधिकारियों ने अलर्ट जारी कर दिया है और संवेदनशील इलाकों में रहने वालों की मदद के लिए बचाव दल तैयार रखे हैं। अधिकारियों ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जबकि इंजीनियर संपर्क बहाल करने के लिए अस्थायी उपाय तलाश रहे हैं। इस बीच, ग्रामीणों ने तत्काल राहत और पुनर्वास प्रयासों की अपील की है, क्योंकि भोजन, दवा और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी की आशंका बढ़ रही है।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आज से आरंभ होगा सेवा पखवाड़ा, दिल्ली सरकार ने की विशेष तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की कार्यसूची के अनुसार, बुधवार को कर्त्तव्य पथ पर वॉक एंड हेल्थ कैंप से सेवा पखवाड़े का आगाज होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) को खास बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने विशेष तैयारी की है। दिल्ली सरकार बुधवार से सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी, जिसके तहत पहले दिन से उद्घाटन, शिलान्यास और जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत होगी। दिल्ली सरकार की कार्यसूची के अनुसार, बुधवार को कर्त्तव्य पथ पर वॉक एंड हेल्थ कैंप से सेवा पखवाड़े का आगाज होगा। त्यागराज स्टेडियम में पांच बड़े अस्पताल गुरु गोबिंद सिंह, संजय गांधी मेमोरियल, आचार्य श्री भिक्षु, भगवान महावीर और श्री दादा देव मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के नए ब्लॉकों का उद्घाटन किया जाएगा।

### पाकिस्तान की हुई फजीहत, मैच रेफरी पायक्राफ्ट को हटाने की मांग खारिज



**दुबई।** एशिया कप में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा हाथ न मिलाने से तिलमिलाए पाकिस्तान को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने पूरे एशिया कप से मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को हटाने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। पीसीबी ने धमकी दी थी कि अगर पायक्राफ्ट को इस एशिया कप से हटाया नहीं जाता है तो वह टूनार्मेंट से हट जाएगा। हालांकि इस धमकी पर वे ज्यादा देर नहीं टिक पाए और मंगलवार की शाम को आइसीसी अकादमी में अभ्यास करने आए जिससे पता चलता है कि बुधवार को यूएई के विरुद्ध होने वाले मैच में उनकी टीम उतरेगी। हालांकि पाकिस्तानी टीम में मंगलवार को मैच से एक दिन पहले होने वाली आवश्यक प्रेस कांफ्रेंस को रद कर दिया। इससे पहले पीसीबी ने आइसीसी को लिखित शिकायत भेजी थी कि पायक्राफ्ट ने उनके कप्तान सलमान अली आगा को टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ मिलाने से रोका था। इस पर देर रात आइसीसी ने जवाब देते हुए दो टूक कहा कि पायक्राफ्ट को हटाया नहीं जाएगा और उनकी अपील अस्वीकार कर दी गई है।

**आइसीसी ने कहा- पायक्राफ्ट को हटाया नहीं जाएगा**

### एफबीआई प्रमुख की गवाही के दौरान हंगामा



**नई दिल्ली।** एफबीआई प्रमुख काश पटेल की सीनेट न्यायिक समिति में गवाही के दौरान हंगामा हुआ। सीनेटर कोरी बुकर ने पटेल पर एजेंसी को बर्बाद करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप जल्द ही पटेल को हटा देंगे। पटेल की गवाही चार्ली किर्क हत्याकांड की जांच पर केंद्रित रही। अमेरिका की सीनेट न्यायिक समिति के समक्ष एफबीआई निदेशक काश पटेल की गवाही के दौरान मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को जोरदार हंगामा देखने को मिला।

### भारतीय रेलवे ने महाराष्ट्र के अहमदनगर रेलवे स्टेशन का बदला नाम

**मुंबई/नई दिल्ली।**

भारतीय रेलवे ने अहमदनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अहिल्यानगर रखा है, यह लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को सम्मान देने के लिए किया गया है। स्टेशन कोड में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वह पहले की तरह अठऋ ही रहेगा। इसके अलावा, आज बीड-



अमलनेर (बी) नई रेल लाइन का उद्घाटन भी किया जाएगा।

# डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को मिलाया फोन, जन्मदिन की दी बधाई


**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनकी 75वीं जन्मतिथि की बधाई दी। ट्रंप के इस कदम को भारत के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के अमेरिकी प्रयासों का हिस्सा माना जा रहा है। मोदी ने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कहा, 'मेरे मित्र राष्ट्रपति ट्रंप, मेरी 75वीं जन्मतिथि पर आपके फोन काल और हार्दिक बधाई के लिए धन्यवाद। आपकी



तरह, मैं भी भारत-अमेरिका की व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।'

# आज शुरू हो सकती है वैष्णो देवी यात्रा, अभी सामने है एक बाधा



**नई दिल्ली।**

लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया था, जिससे भक्तों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। मौसम ठीक होने पर आज शुरू हो सकती है यात्रा। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा बुधवार से फिर से शुरू होगी, बशर्ते मौसम की स्थिति अनुकूल रहे। लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया था, जिससे भक्तों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। बोर्ड के इस फैसले से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई दिनों से यात्रा के फिर से शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। इससे पहले बोर्ड ने 14 सितंबर से यात्रा फिर शुरू करने का एलान किया था, लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते इसे टालना पड़ा। इस देरी से नाराज होकर कुछ श्रद्धालुओं ने सुरक्षा घेरे को तोड़कर यात्रा करने की भी कोशिश की थी।

### 34 श्रद्धालुओं की गई थी जान

गौरतलब है कि 26 अगस्त को यात्रा उस समय रोक दी गई थी, जब रास्ते में एक बड़े भूस्खलन ने कहर बरपाया था। इस हादसे में 34 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए थे।

## संपादक की कलम से

# वक्फ पर अंतरिम निष्कर्ष



ललित शर्मा
संपादक

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत का सीमित हस्तक्षेप बौद्धिक न्यायिक सोच का एक अच्छा उदाहरण है। अदालत ने कानून पर रोक लगाने से साफ इंकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। शीर्ष अदालत ने व्यक्ति के संपत्ति अधिकारों का फैसला करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं दिया, लिहाजा कानून में कलेक्टर की भूमिका को सीमित कर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक समीक्षा यह रही कि अदालत ने 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी। न्यायिक पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई नियम–कानून नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुस्लिम है या नहीं, तब तक तत्काल प्रभाव से इस प्रावधान पर रोक लगाई जाती है। शीर्ष अदालत ने यह भी तय कर दिया कि राज्य के वक्फ बोर्ड परिषद में अधिकतम 3 और केंद्रीय परिषद में अधिकतम 4 गैर–मुस्लिम सदस्य होंगे। वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरूआती विचार दिया है। यह सर्वोच्च अदालत का अंतरिम फैसला है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस गवई के अनुसार, यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है। फिलहाल हमने इतना ही देखा है कि क्या कानून अथवा उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए अथवा नहीं? बहरहाल अंतरिम निष्कर्ष से ही सत्ता और विपक्ष दोनों संतुष्ट हैं और अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जिन आधारों पर 20 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई थीं, उन पर शिकायतकर्ताओं को हताशा मिली है। यह न्यायिक निष्कर्ष किसी के भी गाल पर तमाचा नहीं है, बल्कि अदालत की सोच रही है कि देश में अमन–चैन, भाईचारा बना रहे। सांप्रदायिक तनाव के हालात न बनें। यह फैसला संसदीय लोकतंत्र के हित में है। संसद के फैसले पर ही अदालत ने बुनियादी मुहर लगाई है। संसद की सर्वोच्चता को लांघा नहीं जा सकता, अदालत ने अपने निष्कर्ष में परोक्ष रूप से यह माना भी है। कानून के विपक्षियों की दलीलें थीं कि वक्फ संशोधन कानून से संविधान के अनुच्छेदों–14, 15, 25, 26, 29, 30 और 300–ए का उल्लंघन होगा, लिहाजा यह कानून संवैधानिक कैसे हो सकता है? न्यायिक पीठ ने इन दलीलों को खारिज करते हुए संशोधित कानून को बरकरार रखा है। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए कि सरकार मुसलमानों की मस्जिदें, ईदगाह, उनके कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा करके अपने मित्र उद्योगपतियों को सौंपने की मंशा रखती है। अदालत में इन आरोपों का क्या हुआ? अब भी अदालत के सामने यह मामला है। आगे जब सुनवाई शुरू होगी, तो विपक्ष के वकील दलीलें दे सकते हैं, क्योंकि देश जानना चाहता है कि इन सांप्रदायिक आरोपों की बुनियाद क्या थी। मुस्लिम नेताओं, मौलवियों, मुफ्तियों, इमामों आदि ने नौजवान मुसलमानों के लिए बेहद उत्तेजक आह्वान किए कि वे राजधानी दिल्ली में लामबंद हों और सरकार को अपनी ताकत दिखाएं।

## मोनिका डागा



### नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर

### कविता

मातृभूमि का है वो सच्चा सेवक, कर्मठ नेता, सपूत बेमिसाल,
शपथ ली जिसने आजीवन सेवा की रज तिलक कर भाल,
गुणगान उनका करे मेरी लेखनी ठोक ठोक ₹आनंद₹ ताल,
रगों में दौड़ता जिनके देशभक्ति के जोशीले रक्त का उबाल ।

मेरा भारत हो सशक्त, सर्वांगीण विकसित, समृद्धिशाली खुशहाल,
हर क्षेत्र में विश्वस्तरीय पटल पर मचाएं हर एक भारतीय धमाल,
दसों दिशाओं में गूँजे डंका भारत का हो ऐसा परिवर्तन कमाल,
दहक रही थी उनके भीतर आत्मविश्वास की वर्षो से ये मशाल ।

जनता जनार्दन ने भारत भूमि के हित में निर्णय लिया विशाल,
चुन लिया नेता माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को पहना कर माल,
करता आया उनकी सेना का संगठन देशवासियों की देखभाल,
बदली सम्पूर्ण विश्व में फिर पुराने भारत की तस्वीर बदले हाल ।

धैर्य साहस सत्य समर्पण त्याग कर्तव्य का गठबंधन समयकाल,
अपनी दृढ़ संकल्प शक्ति यम नियम व्रत से जिन्होंने किया कमाल,
कॉपता है आज मोदी जी के समक्ष विरोधियों का हर सवाल,
कैसे ढूँढ लाते हैं वो दुश्मनों को झट से एक कर धरती पाताल ।

विविधताओं में भी दिखता हैं एक रंग भारत माता के है सब लाल,
आदर सत्कार करते सब धर्मों का एक दूसरे का लेते हैं हाल–चाल,
मेरे भारत की ओर ऑख उठाकर न देख दुश्मन कर देंगे तुझे हलाल,
जब नेता हो सुयोग्य तो बदल जाती हैं हर देश की पहचान चाल ढाल ।

आज आसान हुआ हर वर्ग का जीविकोपार्जन सुधरे हैं हाल,
स्वस्थ सुंदर समृद्ध शक्तिशाली भारत का नवीनीकरण विशाल,
मोदी जी के जैसे ज्ञानी महापुरुष के मार्गदर्शन से हुए मालामाल,
माननीय मोदी जी को जन्म दिन पर देते हम अशेष दुआएं महाकाल ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिन- 17 सितम्बर, 2025

# नरेन्द्र मोदी युगांतरकारी नेतृत्व के प्रतीक महामानव



ललित गर्ग



नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र की गौरवगाथा को नई ऊँचाइयों तक ले गया है। साधारण परिवार में जन्मा एक बालक, जिसने जीवन के संघर्षों को तपस्या की तरह जिया, आज विश्व राजनीति ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शक बन गया है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि व्यक्ति में अटूट परिश्रम, कर्मनिष्ठा और राष्ट्रनिष्ठा का अदम्य संकल्प हो, तो वह इतिहास की धारा को भी मोड़ सकता है। नरेंद्र मोदी का उदय किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत की जाग्रत चेतना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इक्कीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्त्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची हैं, वे विश्व राजनीति, मानवता एवं राष्ट्रीयता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। राजनीति-क्रांति के साथ-साथ वे व्यक्ति-क्रांति एवं समाज-क्रांति के सूत्रधार है। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाता है। उनके लिये तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय हैं। इस वर्ष उनका 75वां जन्मोत्सव मनाते हुए समूचा राष्ट्र अपूर्व गर्व और गौरव की अनुभूति कर रहा है। मोदी का व्यक्तित्व अनेक विलक्षणताओं का समवाय है, वह कठोर परिश्रम और मिशनरी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। उनके दिन और रात का प्रत्येक क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहता है। वे चौबीस घंटे भारत के लिए जीते हैं और योजनाओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारते हैं। उनका मंत्र ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला दर्शन है। उन्होंने राजनीति को सत्ता की होड़ से निकालकर सेवा और राष्ट्रनिर्माण का साधन बना दिया।

काल के अनंत प्रवाह में 75 वर्षों का मूल्य बहुत नगण्य होता है, पर मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां और उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर महान्-बना देते हैं। नरेन्द्र मोदी का जन्म एवं पालन-पोषण वडनगर, बॉम्बे राज्य (वर्तमान गुजरात) में 17 सितंबर 1950 को हुआ। जहाँ उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। आठ साल की उम्र में उनका आरएसएस से परिचय हुआ और वे 1971 में गुजरात में संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। और 1998 में महासचिव बने। वे भारतीय राजनीति के जुझारू, कर्मठ एवं जीवट वाले नेता हैं जो 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वाराणसी से सांसद हैं। इस वर्ष अपने 75वें जन्मदिन पर मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में रहेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क का भूमि पूजन करेंगे। कपास आधारित उद्योगों पर आधारित यह पार्क 6 लाख किसानों को फायदा देगा। इसके अलावा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर उनकी पहुंच को बेहतर करना, गुणवत्तापूर्वक देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए कई अन्य योजनाओं की भी शुरूआत होगी।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वे युगांतरकारी कही जा सकती हैं। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई गति दी। सामाजिक क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने भारत की नई आक्रामक और निर्णायक छवि प्रस्तुत की। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि मोदी ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास का संचार किया और यह भावना मजबूत की कि भारत अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। वैश्विक मंच पर नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके विचार, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, कोप-26 जैसे पर्यावरण मंचों पर उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता, विश्व को यह संदेश देती है कि भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री योजना ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सीमाओं से परे जाकर पूरी मानवता के लिए सोचता है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वगुरु की भूमिका निभाने वाला देश माना जाने लगा है और नरेंद्र मोदी इस नई पहचान के प्रेरक बने हैं। मेरे लिए भी नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व केवल दूर से देखने का विषय नहीं रहा, बल्कि उनके साथ जुड़े अनेक आत्मीय अनुभव आज भी मेरे जीवन की स्मृतियों में ताजा है। वर्ष 2007 में जब मैं सुखी परिवार फाउंडेशन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहा था, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में एक विशाल आदिवासी सम्मेलन गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में हमने आयोजित किया था। उस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी स्वयं पधारे थे। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज की ऊर्जा और उत्साह के बीच गणि राजेन्द्र विजयजी ने बड़ी आत्मीयता से उनको कहा था-अब आप दिल्ली चलो। गणिजी का यह वाक्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी धर्मगुरु की अंतरदृष्टि थी, जो बाद में सार्थक भी हुई। गणि राजेंद्र विजयजी के प्रभाव से उस सम्मेलन में करीब डेढ़ लाख आदिवासी एकत्र हुए थे और मोदीजी ने उस सम्मेलन को जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से संबोधित किया, वह उनकी लोकमंगलकारी दृष्टि और आदिवासी समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मेरे लिए यह केवल एक व्यक्तिगत संस्मरण नहीं, बल्कि इस बात का साक्षात अनुभव है कि मोदीजी किस तरह जीवन के हर स्तर पर मिलने वाले लोगों और परिस्थितियों को दूरगामी दृष्टि से देखते हैं और उनमें राष्ट्र निर्माण की संभावनाएँ खोजते हैं। मोदीजी के व्यक्तित्व का एक बड़ा पक्ष मानवीय संवेदनाओं से भरा हुआ है। चाहे गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना हो, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना हो, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ आम जन तक पहुँचाना हो, मोदी का हर कदम जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने पर केंद्रित है।

वे न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाते हैं। उनका नेतृत्व केवल आधुनिकता और विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके प्रयासों से योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आस्था के प्रति गहरे सम्मान को प्रकट करता है। इस प्रकार वे आधुनिक भारत और प्राचीन भारत की आत्मा के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। आज नरेंद्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। टाइम और फोर्ब्स जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल करती हैं।

# जेन जेड और सत्ता परिवर्तन का नया समीकरण-जेन जेड + सोशल मीडिया + टेक्नोलॉजी : सत्ता परिवर्तन



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर 21 वीं सदी के तीसरे दशक में दुनियाँ की राजनीति, समाज और सत्ता समीकरणों में सबसे बड़ा परिवर्तन जिस शक्ति के कारण आया है, वह है- जेन जेड। यह पीढ़ी, जो 1997 से 2012 के बीच जन्मी मानी जाती है, डिजिटल युग की संतान है। इसके हाथ में स्मार्टफोन है, इसकी भाषा सोशल मीडिया है और इसकी शक्ति टेक्नोलॉजी है।यह पीढ़ी पारंपरिक विचारधाराओं और बड़े नेताओं के भाषणों की जगह अब नए औजारों के जरिये सत्ता को चुनौती देती है। इतिहास गवाह है कि फ्रांसीसी क्रांति रोबेस्पियर जैसे वक्ताओं की वजह से हुई और क्यूबा की क्रांति फिदेल कास्त्रो जैसे नेताओं के भाषणों से उभरी, लेकिन आज क्रांति का समीकरण पूरी तरह बदल चुका है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र या मानता हूं कि अब न विचारधारा की आवश्यकता है, न ही किसी बड़े नेता की। अब आंदोलन का केंद्र है- युवा का गुस्सा + सोशल मीडिया + टेक्नोलॉजी। 21वीं सदी में जन्मी जेन जेड पीढ़ी केवल उपभोक्ता या दर्शक नहीं है, बल्कि डिजिटल युग की असली शक्ति और मानसिकता की प्रतीक बन चुकी है। यह पीढ़ी इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के साथ पली-बढ़ी है, इसलिए इसकी सोच वैश्विक और तात्कालिक है। जेन जेड तर्कसंगतता, पारदर्शिता और तेजी से बदलती परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने की क्षमता रखती है। जलवायु परिवर्तन, भ्रष्टाचार, मानवाधिकार, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर यह पीढ़ी सिर्फ आवाज उठाने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि टेक्नोलॉजी के जरिये आंदोलन खड़ा करती है और सत्ता पलट तक की क्षमता दिखाती है।चूँकि

यह पीढ़ी इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के साथ पली-बढ़ी है, इसलिए इसकी सोच वैश्विक और तात्कालिक है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेजेन जेड और सत्ता परिवर्तन का नया समीकरण-जेन जेड + सोशल मीडिया + टेक्नोलॉजी = सत्ता परिवर्तन, भविष्य की राजनीति में जीत उसी की होगी जो इस डिजिटल समीकरण को समझे और युवाओं की ऊर्जा को सम्मान देगा।

साथियों बात अगर हम जेन जेड की मानसिकताः डिजिटल युग का प्रतीक इसको समझने की करें तो, जेन जेड वह पीढ़ी है जिसने किताबों से ज्यादा स्क्रीन देखी, पोस्टकार्ड से ज्यादा ईमेल और सोशल मीडिया पोस्ट लिखी, और अखबार से ज्यादा ट्विटर/एक्स पर खबरें पढ़ीं। इस पीढ़ी की सबसे बड़ी विशेषता है स्पीड ? यह बदलाव को जल्दी स्वीकार करती है और उतनी ही जल्दी विद्रोह भी खड़ा कर देती है। जेन जेड पारंपरिक सत्ता ढाँचे से सवाल पूछती है और पारदर्शिता की मांग करती है। जलवायु परिवर्तन से लेकर भ्रष्टाचार, लोकतंत्र से लेकर लैंगिक समानता तक, यह हर विषय पर मुखर है। आज का युवा ग्लोबल सिटीजन है। एक नेपाली छात्र काठमांडू से बैठकर श्रीलंका की स्थिति पर ट्वीट करता है, तो बांग्लादेश का बेरोजगार युवक भारत या यूरोप की राजनीति पर हैशटैग चलाता है। यही ग्लोबलाइजेशन ऑफ पॉलिटिक्स है, जिसे जेन जेड ने संभव बनाया। साथियों बात अगर हम सत्ता पलट का आधुनिक समीकरण को समझने की करें तो, युवा + सोशल मीडिया + टेक्नोलॉजी पहले क्रांति का आधार होता था विचारधारा और संगठित पार्टी ढांचा। आज समीकरण हैः (1) युवा का गुस्सा-बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, असमानता। (2) सोशल मीडिया-आंदोलन को फैलाने और वायरल बनाने का औजार। (3) टेक्नोलॉजी- टेलीग्राम चैनल, व्हाट्सऐप ग्रुप, यूट्यूब लाइव और डिजिटल फंडिंग।एक जमाने में विचारधारा की किताबें छपती थीं और लोग उन्हें पढ़कर विद्रोह करते थे। अब हैशटैग बनते हैं और लाखों-करोड़ों लोग तुरंत जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया सिर्फ सूचना का माध्यम नहीं बल्कि डिजिटल बैरिकेड बन चुका है। साथियों बात अगर हम जेन जेड के वैश्विक आंदोलनों को समझने की करें तो, नेपो बेबीज, फ्री यूथ और सेव म्यांमरजेन जेड के नेतृत्व में कई आंदोलन वैश्विक चर्चा का केंद्र बनेः (1) नेपो बेबीज मूवमेंट-हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों जगह इस ट्रेंड ने वंशवाद और पारिवारिक प्रभुत्व पर सवाल उठाया। युवाओं ने पारदर्शिता और मेरिट की मांग उठाई। (2) फ्री यूथ मूवमेंट-थाईलैंड, हांगकांग और एशिया के अन्य हिस्सों में लोकतंत्र और मानवाधिकारों की लड़ाई में जेन जेड की भूमिका प्रमुख रही। (3)सेव म्यांमर मूवमेंट -2021 में म्यांमार में सैन्य तख़्तापलट के खिलाफ जेन जेड ने न केवल सड़कों पर प्रदर्शन किया, बल्कि ट्विटर और फेसबुक पर वैश्विक अभियान चलाकर दुनियाँ का ध्यान खींचा।इसके अलावा फ्राइडेज फॉर फ्यूचर (ग्रेटा थूनबेर्ग) जैसे क्लाइमेट मूवमेंट्स, ब्लैक लाइव्स मैटर जैसे समानता के आंदोलन और #मी टू जैसी डिजिटल मुहिम में भी जेन जेड ने अहम भूमिका निभाई।

साथियों बात अगर हम दक्षिण एशिया में सत्ता पलट और जेन जेड की भूमिका को समझने की करें तो (1) नेपाल (2025)- नेपाल में हाल ही में हुए राजनीतिक उथल-पुथल में युवाओं की सोशल मीडिया मुहिम ने निर्णायक भूमिका निभाई। #चेंजनेपाल जैसे कैंपेन ने भ्रष्टाचार और सत्ता संघर्ष के खिलाफ जनता को एकजुट किया। (2) बांग्लादेश (2024)- वहां बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और चुनावी धांधली के खिलाफ युवाओं का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूटा। नो वोट टू कर्रप्शन हैशटैग ने लाखों युवाओं को जोड़ दिया और चुनावी परिणामों को प्रभावित किया। (3) श्रीलंका (2022)- आर्थिक संकट, महंगाई और राजनीतिक भ्रष्टाचार से परेशान जनता खासकर युवाओं ने#गोटागोहोंमे अभियान चलाया। यह इतना ताकतवर बना कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा।इन घटनाओं ने साफ कर दिया कि अब सत्ता पलट के पीछे सिर्फ राजनीतिक पार्टियाँ नहीं बल्कि जनता और खासकर जेन जेड का डिजिटल विद्रोह होता है।



नेपाल (वर्ष 2025) | बांग्लादेश (वर्ष 2024) | श्रीलंका (वर्ष 2022)

# बिलासपुर स्थित रूद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि० के प्रबन्ध कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की अध्यक्षता में बिलासपुर स्थित रूद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि० के प्रबन्ध कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बैलेन्स शीट को अनुमोदित किया गया। इसके अतिक्ति वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष व्ययों की समीक्षा तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट स्वीकृत किया गया तथा वर्ष 2025-26 में गन्ना मूल्य भुगतान, प्लान्ट के मरम्मत/रख-रखाव, वेतन, यातायात आदि व्ययों के लिए रामपुर जिला सहकारी बैंक, रामपुर से 40 करोड़ रुपये तथा उ०प्र० सहकारी बैंक लि०, लखनऊ से 5.80 करोड़ रुपये की कैश केडिट लिमिट की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

जिलाधिकारी ने मिल फार्म के चारों ओर लगे सेमल एवं यूकोलिप्टिस के पेड़ों का मूल्यांकन वन विभाग से कराते हुए विक्रय की समस्त कार्यवाही अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। पेराई सत्र के दौरान गन्ने की गुलाम करने वाले वाहनों के लिए बाई-लेन न होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान हेतु जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। साथ ही बैठक में पेराई सत्र के दौरान गन्ना ढुलाई/लदाई के लिए आमंन्त्रित की जाने वाली ई-निविदा में प्रतिस्पर्धा के फलस्वरूप दरों में कमी लाने के दृष्टिकोण से एक वर्ष की अनुभव की बाध्यता को भी समाप्त करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारी द्वारा मिल समिति की आवासीय कालोनी में आवास खाली नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर उन्हें नोटिस देने के निर्देश दिये और कहा कि यदि एक माह के अन्दर सम्बन्धित सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवास खाली नहीं किया जाता है तो 04 सदस्यों की कमेटी बनाकर सम्बन्धित को अंतिम नोटिस देते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी जाये।

बैठक में पेराई सत्र 2025-26 में क्रय-केन्द्र-नवाबगज को बोसेना एवं क्रय केन्द्र- स्वालेपुर को खण्डिया, क्रय-केन्द्र खानपुर को भर्वरका पर सम्बद्ध करने के सम्बन्ध में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिस क्रय-केन्द्र की दूरी एक-दूसरे से सबसे कम हो उससे सम्बद्ध कर दिया जाय।

बैठक में सचिव/प्र०प्र० आरके जैन, उप सभापति मोहन सिंह, तजेन्द्र सिंह, दयाराम, रूकम सिंह, रेशम सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, कमलजीत कौर, संचालक एवं मुख्य गन्ना अधिकारी डा० उपेन्द्र कुमार, मुख्य अभियन्ता महेन्द्र प्रसाद, मुख्य रसायनविद् अमलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 'के संदर्भ में निबंध तथा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : राजा के ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय एवं प्रसिद्ध विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के तत्वावधान में 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 'के संदर्भ में विद्यालय परिसर में निबंध तथा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्रों ने अपने विचार निबंध और पोस्टर के माध्यम से व्यक्त किए। ऋ प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य आत्महत्या की समस्या के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता उत्पन्न करना, इसके कारणों और परिणामों पर विचार करना तथा आत्महत्या रोकथाम के उपायों को प्रोत्साहित करना है। प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों को बताया कि विश्व आत्महत्या निवारण दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन सबसे अनमोल उपहार है। कठिनाइयाँ और परेशानियाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन आत्महत्या कभी समाधान नहीं है। यदि हम एक-दूसरे की मदद करें, संवेदनशील बनें और हौसला बढ़ाएँ, तो कई ज़िंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि कभी हार नहीं मानेंगे और दूसरों को भी जीवन जीने की प्रेरणा देंगे। कार्यक्रम में अध्यापक प्रिंस कुमार राणा एवं प्रशांत चौधरी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये तथा बच्चों को सदैव सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन विजेता बच्चों के नामों की घोषणा तथा उनको प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर**। नगर के ए के होटल मे भारतीय जनता पार्टी की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत चुनाव के ब्लाक संयोजक देशबन्धु ने की। बैठक मे पहुंचे मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश ने पार्टी पदाधिकारियो से कई प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा की। तथा मुख्य वक्ता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला संयोजक नरेश भाटी जी ने पार्टी के पदाधिकारियो से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रूपरेखा व तैयारी के विषयो को लेकर अहम चर्चा की। बैठक मे नूरपुर विधानसभा के चारो मंडल अध्यक्ष नूरपुर से निशांत कर्णवाल, गोहावर से विनय चौहान, मोरना से धर्मेंद्र सैनी, नवनीत राणा एव विवेक सरोहा, मंडल उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रदीप राणा,पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, पूर्व महामन्त्री रामोतार चौधरी, जुगनु चौधरी, सुनीश चौधरी आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमेठी की नन्ही कवयित्री नव्या शर्मा ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वेलकम इंडिया**




**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)**/ सिर्फ 7 साल की उम्र में अमेठी की बिटिया नव्या शर्मा ने कमाल कर दिखाया। कक्षा 2 में पढ़ने वाली नव्या वर्तमान में लखनऊ में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उनके पिता नकुल शर्मा हाईकोर्ट, लखनऊ में अधिवक्ता हैं। हिन्दी दिवस पर गोला गोकर्णनाथ (खीरी) में आयोजित कवयित्री महाकुंभ में नव्या ने अपनी कविताएं और बालगीत बड़े उत्साह के साथ मंच पर प्रस्तुत कर सबसे कम उम्र की कवयित्री के रूप में द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया। देश के कोने-कोने से आई कवयित्रियों ने 52 घंटे 50 मिनट 34 सेकंड तक चले इस महाकुंभ में भाग लिया। कठिन सफर और सीमित साधनों के बावजूद बना यह रिकॉर्ड इस बात का प्रतीक है कि संकल्प से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। नव्या की इस उपलब्धि पर अमेठी सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सम्मानित लोगों, समाजसेवियों और पत्रकारों ने उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी है।

# 48 घंटे में नानक हत्याकांड का पदार्फाश, आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**। अगौता थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया में छत पर सो रहे नानक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस और स्वाट टीम ने घटना के 48 घंटे के भीतर आरोपी सौरठ को जौलीगढ़ से अख्तियारपुर जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दांव (आलाकत्ल) भी बरामद किया गया।

मामला 13 सितंबर की रात का है, जब नानक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पूछताछ में सौरठ ने जमीन विवाद और आपसी झगड़े के चलते नानक की हत्या करने की बात कबूल की। उसने बताया कि चार दिन पहले बजरी हटाने को लेकर विवाद हुआ था और घटना वाले दिन भी झगड़ा हुआ। इसी रंजिश में उसने रात में छत पर सो रहे नानक का गला दबाकर और दांव से वार कर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी में थाना अगौता प्रभारी निरीक्षक यंग बहादुर सिंह, उप निरीक्षक संजय सिंह, उप निरीक्षक सुभाष त्यागी तथा स्वाट टीम प्रभारी मोहम्मद असलम सहित पुलिस टीम ने भूमिका निभाई।

आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# धूमधाम से हुआ श्री राम महोत्सव का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। भक्ति और उल्लास से भरा माहौल, भक्तों की श्रद्धा और प्रशासन का सक्रिय सहयोग यही था उस दृश्य का नजारा जब उत्सव पैलेस में श्री राम महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने फीता काटकर किया, जिससे महोत्सव का आधिकारिक आगाज हुआ।

समारोह की शुरूआत रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करके हुई। इसके बाद रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज के बैंड की मधुर धुनों के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को रामलीला मंचन हाल तक ले जाया गया। पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम में रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद भगवान श्री विष्णु और मां लक्ष्मी की आरती कर समारोह को आध्यात्मिक रंग से सजाया गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उत्सव की भव्यता देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि श्री राम महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने का माध्यम है। हमें ऐसे आयोजनों से सांस्कृतिक चेतना का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। प्रशासन हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर है। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि इस महोत्सव में श्रद्धा, शांति और अनुशासन बनाए रखें। श्री राम का आदर्श हमें सत्य, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि रामपुर में श्रद्धा और भक्ति का यह उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और हम हर श्रद्धालु की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेंगे। सभी से निवेदन है कि महोत्सव के दौरान सहयोग करें और अनुशासन बनाए रखें। श्री राम की शिक्षाएं समाज में शांति और सौहार्द का संदेश देती हैं।

समारोह के समापन पर श्री सनातन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल और महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग ने दोनों अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा कुक्कु भाई, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, नितिन कुमार सर्राफ, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल, पंकज गर्ग आदि गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुम हुयी बच्ची को ढुंढकर किया गया परिजनों के सुपुर्द




**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर**। आगन्तुका नि0 ग्राम सैदनगर थाना मिलकखानम जनपद रामपुर द्वारा थाना स्वार उपस्थित आकर तहरीर दी गयी कि मैं अपने मायके अलीनगर जहांगीर थाना स्वार जनपद रामपुर आयी थी, मेरी बेटी उम्र लगभग दो वर्ष घर से खेलते हुए कही गुम हो गयी, हमने बहुत ढूढा परन्तु मेरी बेटी कहीं नही मिली, हम थाने आये है मेरी बेटी को तलाश करने की कृपा करे । उक्त सूचना के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक थाना स्वार द्वारा तत्काल टीम गठित की गयी । गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कस्बा स्वार में लोगों को फोटो आदि दिखाकर ढुंढने का प्रयास किया । गठित टीम द्वारा बच्ची को सकुशल ढुंढकर उसकी माता के सुपुर्द किया गया । जिसे पाकर बच्ची के परिजनों के चहेरे पर खुशी आ गयी और थाना स्वार पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी ।

# उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला कार्यकारी समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी**। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन को इस उद्देश्य से शुरू किया गया है कि जनपद के युवाओं एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए एक एकीकृत पोर्टल विकसित किया गया है और पोर्टल में बेरोजगार अभ्यर्थियों, श्रमिकों और मजदूरों का पंजीकरण कराया जा रहा है, पोर्टल पर निजी क्षेत्र की कंपनियों, विभिन्न भर्ती अभिकरणों, जनशक्ति अभिकरणों का पंजीकरण भी कराया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने विभाग में संचालित रोजगार सृजन करने वाली योजनाओं को सेवायोजन विभाग के साथ समन्वय में लाएं जिससे जनपद में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराए जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि उपरोक्त पोर्टल पर पंजीकरण जरूर कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित शैक्षिक, आधारभूत संरचना एवं गुणवत्ता सुधार से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। निर्देशित किया गया कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु सभी संबंधित अधिकारी एवं शिक्षकगण गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्र उपस्थिति, शिक्षण गुणवत्ता, मिड डे मील की व्यवस्था तथा स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए। जिन अधिकारियों के द्वारा विद्यालय के निरीक्षण किए जाते हैं वह नियमित रूप से भ्रमण करते हुए बच्चों को गुणवत्ता के साथ शिक्षा दिए जाने का पर्यवेक्षण करें। जिलाधिकारी महोदया ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत रहें तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, बेसिक स्कूलों में डिजिटल लर्निंग की व्यवस्था, बालक-बालिका छात्रवृत्ति तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही पाठ्यपुस्तकों व यूनिफॉर्म की स्थिति की समीक्षा की गई।

# टैबलेट/स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर** : गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन/टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा चयनित महाविद्यालय के 115 विद्यार्थियों में से उपस्थित 74 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए तथा अन्य विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया कि जो भी पात्र विद्यार्थी रह गए हैं वो अतिशीघ्र के.वाई.सी करा लें जिससे शासन द्वारा उन्हें भी टैबलेट उपलब्ध कराया जा सके। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने विद्यार्थियों से अपेक्षा जताई कि वो टैबलेट का सदुपयोग करेंगे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की सरकार का उद्देश्य राज्य के युवा छात्र-छात्राओं को मुफ्त स्मार्टफोन तथा टैबलेट प्रदान कर शिक्षा में हो रही रूकावटों को दूर करना तथा छात्रों को हाईटेक शिक्षा से जोड़ना है। इस योजना द्वारा विद्यार्थी शिक्षा संबधी अपनी सारी मुश्किलों का हल डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से कर पायेंगे और तकनीकी रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बन पायेंगे। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार तालान, डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ आजिद अंसारी, डॉ मीनाक्षी चौहान, डॉ संतोष देवी, सनी कुमार, डॉ अमित कुमार पुंडीर, मौ सलीम, अमित मलिक, पूजा राजपूत आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ कुलदीप बर्मन रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।



# तीन दिवसीय कमस्यार महोत्सव 19 दिसंबर से होगा शुरू

वेलकम इंडिया



**कांडा, पंकज डसीला,** कांडा कमस्यार क्षेत्र का कमस्यार महोत्सव भब्यता और धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव 19 से21 दिसंबर तक मनाया जाएगा।महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।महोत्सव की तैयारियों को लेकर कमस्यार महोत्सव समिति ने देवतोली में बैठक आयोजित की।बैठक में क्षेत्रीय लोगों ने मौजूद जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। क्षेत्र में गुलदार के आतँक से प्रभावित गांवों को चिह्नित कर वन विभाग से विशेष सायरन बजाने की व्यवस्था कर जंगली जानवरों से निजात के प्रयास किए जाने,सहित महोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। कमस्यार महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी नव-निर्वाचित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत जिपं सदस्यों का स्वागत किया गया। समिति के तत्वावधान में पिछले छः वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे कमस्यार महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई। समिति अध्यक्ष विनोद मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कमस्यार क्षेत्र की एकता और क्षेत्रीय संस्कृति को देश विदेश में यहां के महोत्सव की भव्यता का प्रचार प्रसार करने हेतु सभी लोगों से आवश्यक सहयोग की अपील की गई।आयोजन के माध्यम से प्रवासी जनों को घर आने का अवसर मिलता है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने का अवसर भी महोत्सव देता हैं। कहा कि महोत्सव को क्षेत्रीय जनता के सहयोग से भब्यता से मनाया जाएगा। बैठक में समिति द्वारा उन गांवों को हुटर प्रदान किए जाएंगे जहां जंगली जानवरों का आतंक बना रहता है। इस मौके पर अध्यक्ष सहित समिति पदाधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख और जिपं सदस्य गोपा धपोला, लोकेश विष्ट, ब्यवस्थापक हरीश डसीला संरक्षक राजेंद्र खाती, नदंन सिंह रौतेला, सतीश उप्रेती, महेश राठौर, सहसंयोजक दीपक रौतेला सचिव पंकज सिंह डसीला, सहसचिव अनिल रौतेला, कोषाध्यक्ष सुनील रावत जिला क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि रावत, कुशाल धानिक ग्राम प्रधानों में हीरा देवी, गणेश राठौर, पुष्पा रावत, राजेश बनाई, चंद्रशेखर रौतेला, चंद्र राम, कुंदन बोरा, सूरज कुमार, पुष्कर सिंह भैरव दत्त चंदोला, ललित मोहन पांडेय, विनोद डसीला, दीपक उप्रेती सहित सभी जन मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन दीपक रौतेला ने किया।

# सहस्त्रधारा में बादल फटा, तेज बाढ़ में बहा किठौर का युवक


जाकिर तुर्क/वेलकम इंडिया



**देहरादून/मेरठ।** उत्तराखंड की वादियाँ इस समय प्राकृतिक आपदा की मार झेल रही हैं। राजधानी देहरादून के सहस्त्रधारा और मालदेवता क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। सोमवार रात सहस्त्रधारा की पहाड़ियों पर बादल फटने से अचानक तेज बाढ़ आ गई। इस आपदा में जनपद मेरठ के किठौर कस्बे का एक युवक मोहम्मद कैफ (20) पुत्र अफजल की मौत हो गई। मृतक मोहम्मद कैफ काफी समय से अपने भाइयों के साथ देहरादून में टाइल्स-पत्थर का काम करता था। सोमवार रात अचानक आए सैलाब ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। भारी मात्रा में आया मलबा वाहनों और दुकानों को बहा ले गया। इसी दौरान मोहम्मद कैफ भी बाढ़ की तेज धारा में बह गया।एसडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग की टीमों ने मौके पर राहत कार्य शुरू किया। जेसीबी और अन्य भारी उपकरणों की मदद से मलबा हटाकर मोहम्मद कैफ को बाहर निकाला गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही किठौर स्थित मोहम्मद कैफ के घर में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन देहरादून रवाना हो गए हैं।सहस्त्रधारा क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। कई दुकानें और मकान पानी में बह गए हैं। मौके पर मौजूद राहत दल लगातार मलबा हटाने और लापता लोगों की तलाश में जुटा है।

# लक्ष्मी माता के मंदिर में सोरहिया मेला के अंतिम दिन भव्य श्रृंगार महोत्सव का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** वाराणसी लक्ष्मीकुंड स्थित काशी की सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ लक्ष्मी माता के मंदिर में सोमवार को सोरहिया मेला के अंतिम दिन भव्य श्रृंगार महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम संयोजक पंडित शिव प्रसाद पांडेय लिङ्गीया महाराज ,पंडित पुरुषोत्तम प्रसाद पांडेय, पंडित अवशेष पांडेय कल्लू महाराज, सतीश पांडेय ने बताया कि शाम 4:00 बजे भगवती महालक्ष्मी, महाकाली, महा सरस्वती का पंचामृत से स्नान करा कर उसके बाद भगवती का राष्ट्र के सुख समृद्धि भविष्य के कल्याण के कामना से भगवती का विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। साथ ही भगवती से यह भी प्रार्थना की गई कि जो भी भक्त इस सोरहियां मेला में 16 दिन का व्रत दर्शन पूजन अनुष्ठान किया भगवती उन सभी के मनोरथ सिद्ध करें उन सभी के परिवार का कल्याण करें और उन सभी के परिवार में सुख समृद्धि शांति लाये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के महामंत्री शैलेश वर्मा सीआरपीएफ के कमांडेंट आर एस बालापुरकर ,सुप्रसिद्ध समाजसेवी चक्रवर्ती विजय नावड सहित अनेक गणमान्य लोगों को माता महालक्ष्मी का प्रसाद खजाना देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष पांडेय, सतीश पांडेय, कमलेश पांडेय, मनीष पांडेय, अभय पांडेय, विनय शर्मा हिमांशु गुप्ता आदि ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# बुंदेलखंड क्रांति दल ने खाद संकट पर जताई चिंता



वेलकम इंडिया

**झांसी, 16 सितंबर।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को झांसी मंडल आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को खरीफ की धान की फसल में खाद न मिलने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। अब रबी की फसल की बुआई सामने है और यदि पूर्व तैयारी न की गई तो गेहूँ, चना, मसूर व सरसों जैसी फसलें प्रभावित होंगी। वार्ता में बुंदेलखंड क्रांति दल प्रतिनिधि मंडल ने खाद की कमी पर आपत्ति दर्ज की इस पर आयुक्त झांसी ने बताया कि खाद मंडल में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इस पर प्रतिनिधि मंडल ने गहरी चिंता व्यक्त की और सवाल उठाया कि जब खाद भरपूर है तो किसानों को सहकारी समितियों पर समय से खाद क्यों नहीं मिल पा रही है। अंत में, प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि खाद वितरण की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद शुक्ला, हरी नारायण श्रीवास्तव, मो. नईम मंसूरी, अरविंद सिसोदिया, श्रीमती रेखा साहू, मो. आरिफ कमाल, श्रीमती शारदा शर्मा, यशपाल सिंह, लोकेंद्र परिहार, सुनील पुरोहित, दुर्गा प्रसाद आदि रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर, वाराणसी पर वैज्ञानिक सलाहकारी समिति की 27 वी बैठक आयोजित किया गया

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर, वाराणसी पर वैज्ञानिक सलाहकारी समिति की 27 वी बैठक आयोजित मंगलवार को किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता निदेशक प्रसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या के प्रतिनिधि कृषि विज्ञान केंद्र जौनपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ एस. के. कन्नौजिया ने की। मुख्य अतिथि डॉ नीरज सिंह, प्रधान वैज्ञानिक भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी रहे। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का संचालन डॉ प्रतीक्षा सिंह ने किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ एन. के. सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र की अप्रैल 2024 से अगस्त 2025 तक का वार्षिक प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया। सस्य अनुभाग की प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण डॉ अमितेश कुमार सिंह ने किया। डॉ प्रतीक्षा सिंह ने गृह विज्ञान, डॉ मनीष पांडे ने उद्यान विज्ञान, डॉ प्रकाश सिंह ने बीज तकनीकी तथा पूजा सिंह ने पशुपालन विज्ञान अनुभाग का प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया।वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों के एवं आगामी कार्य योजना पर बहुमूल्य सुझाव दिया। उक्त बैठक में उप निदेशक कृषि, श्री अमित जयसवाल, परिषद समिति, ए न डी यू ए टी, कुमारगंज, अयोध्या शैलेन्द्र रघुवंशी, वैज्ञानिक सलाहकार समिति सदस्य शीतला प्रसाद, नाबार्ड से सोनिका राणा, एपिडा महा प्रबंधक, सी .वी सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार, वरिष्ट उद्यान निरीक्षक ज्योति सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन कुमार सिंह ने उपस्थित रहकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। प्रगतिशील कृषको में कमलेश, सुशील, प्रेमचंद, मुकेश, आदि उपस्थित रहे।

# हाईटेक नर्सरी का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा आधुनिक खेती का लाभ



वेलकम इंडिया

**लखीमपुर-खीरी।** जिला उद्यान विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र-कक, मंझरा, लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को हाईटेक नर्सरी (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) का शुभारंभ किया गया। इसका निर्माण सील बॉयोटेक लिमिटेड द्वारा कराया गया है। शुभारंभ अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि श्री जगवीर सिंह राठी मौजूद रहे।इस हाईटेक पौधशाला का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता एवं नवीनतम प्रजाति की सब्जियों के पौधे समय से उपलब्ध कराना है।

यहां पर आधुनिक तकनीक से पौधों की बुवाई की जाएगी, जिससे न केवल उपज अधिक होगी बल्कि पौधे रोगों से भी कम प्रभावित होंगे।कृषि विज्ञान केन्द्र-कक के विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी हाईटेक नर्सरी श्री आर्य देश दीपक मिश्रा ने बताया कि पौधशाला में कोकोपिट, परलाइट और वर्मीक्यूलाइट को 3:1:1 के अनुपात में मिलाकर डिस्पोजल ट्रे में बीज बोए जाते हैं। सीडर मशीन की मदद से तैयार पौध 28 से 30 दिन में विकसित हो जाती है।यह पौध रोग एवं कीटों से मुक्त होती है।यहां किसानों को फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, मिर्च, बैंगन, ब्रोकली आदि की पौध मात्र 2 रुपये प्रति पौधा उपलब्ध होगी। वहीं, यदि किसान अपने बीज से पौध तैयार करवाना चाहें तो 1.75 रुपये प्रति पौधे की दर से सुविधा उपलब्ध रहेगी।इन उन्नत पौधों से किसानों को 20-25 दिन पहले ही सब्जियां मिलने लगेंगी, जिनका बाजार मूल्य अधिक होता है।शुभारंभ के अवसर पर सहायक उद्यान निरीक्षक वंदना वर्मा की मौजूदगी में सरोज प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौध उत्पादन कार्य किया गया। 15 एवं 16 सितम्बर को समूह की महिलाओं ने लगभग 35,000 सब्जियों की पौध तैयार करने के लिए बीज बोए।

अगले सप्ताह फिर से दूसरे चरण की बुवाई की जाएगी।इस पहल से वर्षभर किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण पौध कृषि विज्ञान केन्द्र-कक, मंझरा, लखीमपुर खीरी से मिलती रहेगी।

# जीवन का मूल आधार है ओजोनःडॉक्टर पिंकी सिंह

वेलकम इंडिया




**गुरसरांय(झांसी)-** नगर के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया पीजी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस पर वनस्पति विज्ञान विभाग मे थीम जीवन के लिए ओजोन शीर्षक पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।प्रवक्ता डॉक्टर अजय गौर के दिशा निर्देशन में वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई जिसमें विज्ञान वर्ग की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।उक्त प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान, द्वितीय स्वीटी एवं साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी दौरान विषय भूगोल के प्राध्यापक आरपी निरंजन के दिशा निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता हुई।इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम दिव्या झा, द्वितीय नैंसी, तृतीय प्राची राजपूत रही साथ में समस्त छात्राओं ने वनस्पति उद्यान में पहुंचकर यह समझा की पेड़-पौधे किस प्रकार ओजोन के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर पिंकी सिंह ने कहा वास्तव में जीवन का मूल आधार ओजोन है ओजोन की सुरक्षा करना हर नागरिक का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर पिंकी सिंह, उप प्राचार्य डॉ धीरज दीक्षित, डॉक्टर अजय गौर, आरपी निरंजन प्रवक्ता (भूगोल), डॉ वीरेंद्र सिंह, नीलेश यादव, डॉक्टर आराधना यादव, पूनम यादव, लल्लू यादव, शारदा सिंह चौहान, राम राजपूत, यादवेंद्र सिंह, गुलाबराय शर्मा, दीपक यादव, रामलला यादव, पूजा सोनी, अरविंद नामदेव, बृजेंद्र कुमार आदि स्टॉफ एवं सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रही।

# अंसारी समाज की बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला खैल में अंसारी वर्किंग कमेटी की एक बैठक आयोजित की, बैठक में कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान दर्जनों लोग बैठक में मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता मतलूब अंसारी के द्वारा की गई।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष मतलूब अंसारी ने लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण की अहमियत पर जोर देते हुए लोगों से अपील की गई कि वह अपने आसपास सफाई और हरित वातावरण को बनाए रखने के प्रति सतर्क रहें। साथ ही नशे के अंधकार से समाज को बचाने की भी विशेष चर्चा की गई। समाज के छोटे-छोटे मासूम बच्चे नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं, इसे रोकने के लिए समुचित कदम उठाना हम सभी की जिम्मेदारी है।बैठक में विशेष रूप से शादी में फिजूल खर्ची को समाज के लिए घातक बताया गया। उपाध्यक्ष सलीम अंसारी ने कहा, शादियों में अत्यधिक खर्च समाज के गरीब परिवारों को दयनीय स्थिति में डाल रहा है। हमें चाहिए कि विवाह को साधारण और सादगीपूर्ण बनाकर खर्च को कम करें ताकि पैसा बच्चों की शिक्षा पर खर्च हो सके। साथ ही बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। अरशद अंसारी ने कहा, शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि हम बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं तो भविष्य में नशा-मुक्त समाज की नींव रख सकते हैं।इस दौरान इदरीस अंसारी, शमीम अंसारी, हाजी युसूफ युनुस अंसारी, साबिर अंसारी, अब्दुल कय्यूम अनीस अंसारी, अंसारी मुस्तकीम अंसारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान ने की सड़क निर्माण की मांग भेजा पत्र

वेलकम इंडिया



**शामली कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी विकासखंड क्षेत्र के पूर्व प्रधान ने जर्जर सड़क सड़क निर्माण कराए जाने की मांग करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह से संबोधित एक ज्ञापन नगर पालिका लिपिक को सौंपा और सड़क निर्माण की मांग की। विकासखंड क्षेत्र का बिजली घर मार्ग काफी दिनों से जर्जर हालत में है सड़क पर आए दिन जल भराव होने के कारण हादसे होते रहते हैं और स्थानीय लोग भी लगातार जिलाधिकारी सहित विकासखंड कार्यालय पर शिकायत कर सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं। सड़क जर्जर हालत में होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मामले की शिकायत पूर्व प्रधान बबला सैनी से की थी। मंगलवार को पूर्व प्रधान बबल सैनी ने ग्रामीणों की शिकायत पर एक ज्ञापन केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह को भेजा। उन्होंने नगर पालिका लिपिक अकरम अंसारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए मांग की है कि बाईपास मार्ग से लिंक बिजली घर मार्ग का लगभग एक किलोमीटर लंबा रास्ता जर्जर हालत में है।

# अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कप्तान निर्मल तंवर गुर्जर ने की भाजपा एमएलसी से भेंट

वेलकम इंडिया



**शामली कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी हरियाणा के पानीपत जनपद के गांव आसन कला से पहुंचीं भारत की अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम की पूर्व कप्तान निर्मल तंवर गुर्जर ने क्षेत्र में खेलकूद के विकास व युवाओं को नए अवसर प्रदान करने को लेकर अहम पहल की। उन्होंने गांव जशाला स्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह के आवास पर भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।पूर्व कप्तान निर्मल तंवर गुर्जर ने कहा, मुझे वीरेंद्र सिंह जी से मिलने का सौभाग्य मिला, जो खेल को बढ़ावा देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। मेरा उद्देश्य क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता फैलाना और नई प्रतिभाओं को आगे लाना है। उनके साथ ससुर निर्मल भाटी उपस्थित रहे, उन्होंने कहा हमेशा मेरा साथ दिया है। में प्रयास करूंगी कि क्षेत्र के युवा खेलों में अपनी छाप छोड़ें।पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह ने भी निर्मल तंवर गुर्जर के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, निर्मल तंवर गुर्जर का हमारे क्षेत्र में आगमन एक गौरव की बात है। उनके अनुभव व प्रेरणादायक नेतृत्व से हमारे युवा प्रेरित होंगे। हम पूरी तरह से सहयोग प्रदान कर खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करेंगे।इस दौरान रणवीर प्रधान, संदीप फौजी, शिवकुमार प्रधान, सहित आदि लोगों ने पूर्व कप्तान का स्वागत किया। और बताया किनिर्मल तंवर गुर्जर ने गुर्जर समाज का भारतीय कप्तान बनकर गौरव बढ़ाया है।

# कार सवार युवकों ने शराब के नशे में उत्पात मचाया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गाव जसाला निवासी एक युवक ने आरोप लगाया कि कुछ युवक शराब के नशे में धुत होकर उनके मकान के सामने गाड़ी खड़ी कर सार्वजनिक मार्ग पर जमकर उत्पात मचा रहे थे। आरोप है कि ये आरोपी तेज आवाज में गाने बजाकर गली में हंगामा कर रहे थे, जिससे पूरे मोहल्ले किसंती भंग हो रही थी जब पीड़ित व परिवार के व्यक्ति ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर दी पीड़ित ने थाने पर तहरीर दे कर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी कुलदीप व उनके पड़ोसी बिन्दर पुत्र हरिसिंह ने ने बताया कि कुछ युवक सड़क पर गाड़ी खडी कर शराब पीकर उत्पात मचा रहे थे उक्त युवको को रोकने का प्रयास किया, तो आरोपितों ने गाली गलौज करते हुए दोनों पर लात, घूंसों और बेल्ट से बेरहमी से हमला किया।

# कोंच रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में 16.09.2025 को कोंच रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर सख्त कार्यवाही की गई, जिसमें कुल10 केस दर्ज हुए और 4220 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया क इस अभियान में चेकिंग स्टाफ श्री लाल जी एवं चेतराम वर्मा ने रेल सुरक्षा बल पिंकी यादव के साथ समन्वय कर सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान विशेष रूप से ट्रेन22537,518161,51864 की जांच की गयी । रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, अन्यथा बिना टिकट यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्याधाम द्वारा हिंदी दिवस पर आयोजित भव्य ऑनलाइन कवि सम्मेलन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के पिलखुवा में श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम के तत्वाधान में एक विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन देश के जाने-माने रचनाकारों की उपस्थिति में बहुत ही भव्य रूप से बनाया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम ने की मुख्य अतिथि -ःवरिष्ठ साहित्यकार आ. रामदेव शर्मा राही जी,विशिष्ट अतिथि ,जनकवि सुखराम शर्मा सागर, रायबरेली ,अति विशिष्ट अतिथि ,डॉ प्रतिमा पाण्डेय जी सरस्वती वंदना, रीता गुगलानी फरीदाबाद हरियाणा,गणेश वंदना -डॉ संजुला सिंह संजू ,स्वागत गीत की प्रस्तुति दी आभा गुप्ता ने दी ।कार्यक्रम में हिंदी दिवस पर सभी रचनाकारों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति जी अमित्रित कवियों में नीतू नागर अम्बर ,राजू धाकड़ सरल (राजगढ़ मध्यप्रदेश) ,प्रा किंजल ईलेश मेहता, गोंदिया, महाराष्ट्र,सरोज चोपड़ा₹ पद्म₹पंचकुला हरियाणा ,डॉ सुधा पण्डा 'प्रज्ञा' रायगढ़ छत्तीसगढ़,वीणा खण्डेलवाल तुमसर ,नीलू सिसोदिया ,,पूनम चौधरी बीकानेर,विनीता सिंह बीकानेर ,राजेश कुमार शर्मा , ,प्रेरणा तलवार, मोहाली ,मनीषा नाडगौड़ा बेलगाम कर्नाटक,रमा बहेड़,सुशीला भंडारी जोधपुर राजस्थान,रेखा शंखवार₹ स्मृति₹, आशा रानी शरण,बेंगलुरु ,श्रीमती चंद्रकला शर्मा,मंजू दलाल मंजरी ,नई दिल्ली , मयंक कुमार ,वैशालीरस्तोगी,श्रीमती शशिकला पांडेय , राम अवतार शर्मा ₹राम₹बाड़ी, राजस्थान,इनामिका राठी दिल्ली ,सुरेश कुमार बंछोर 'अभ्यार्थी' ,श्रीमती कंचन योगेंद्र अग्रवाल, पुणे, डॉ आशिष कुमारी कांता पटना,डॉ० संजुला सिंह संजूजमशेदपुर , रीता गुगलानी,फरीदाबाद(हरियाणा) ,अरविन्द कुमार ₹अनोखे ₹,आभा गुप्ता ,इंदौर,सुजीत कुमार पाण्डेय

सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश,डॉ. रेखा कक्कड़, विनोद कुमार वर्मा गोरखपुर उत्तर प्रदेशसुरेश कुमार बंछोर , डॉ कुमकुम शुक्ला, ?नन्द किशोर बहुखंडी देहरादून ,रामजी लाल वर्मा कल्याण, मुम्बई,ईश्वर चन्द्रविद्यावाचस्पति, संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) मेंकिंग,डा राजेश तिवारी मक्खन झांसी उ प्र,सविता मेहरोत्रा सुगंधा प्रयागराज उत्तर प्रदेश ,संध्या वास्तव जी,अनीता नायक आदि ने पटल को बहुत ऊंचाईया प्रदान की कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि अशोक गोयल ने आगंतुक सभी रचनाकारों का आभार प्रकट किया।

# पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन भारत के जिला अध्यक्ष डॉ पीतम सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग के लिए कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में मांग की गई है ।दारूसफा भवन लखनऊ में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन भारत के कार्यालय की मांग ।ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिए जाने ग्रामीण पत्रकारों को बीमा योजना में शामिल किए जाने 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाने मांग ।ग्रामीण, पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिक दर्ज किए जाने से पूर्व राजपत्रित क अधिकारी के द्वारा जांच किए जाने एवं राज्य एवं जिला स्तर पर स्थाई समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अधिकारी के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठक कराई जाने की मांग। आपदा या दुर्घटना, कवरेज के दौरान अटैक, में मृतक ग्रामीण पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह पांच,लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग पत्रकारों के लिए आवास योजना शुरू की जाए। पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा बल का गठन किया जाए। द्वेष की, भावना से पुलिस द्वारा पत्रकारों पर किए फर्जी मुकदमे प्रदेश सरकार वापस ले ।पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले किसी भी अधिकारी को, जनपद में,महत्वपूर्ण,जिम्मेदारी न, दी,जाए । इस अवसर पर जाहिद अली राजेंद्र राठी, जितेंद्र कुमार अकबर मेवाती, दयानंद,मोहित,रवि तोमर, दीपक सागर, गुलजार अली, जाबीर अली, राहुल ठाकुर सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।



# तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं



**वेलकम इंडिया**

- **एडीएम और सीडीओ ने अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**
- **सीडीओ ने सभी विकास विभागों से जुड़े अधिकारियों को समय से योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** मंगलवार को अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने विकास विभागों से सम्बंधित शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासन और सरकार की प्राथमिकता में शामिल तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। किसी भी शिकायत को लंबित न रखते हुए निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जो मामले शासन स्तर से संबंधित हैं, उन्हें तय समय पर शासन को प्रेषित कर शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।अपर जिलाधिकारी ने सुशासन और बेहतर प्रशासन पर जोर देते हुए कहा कि हर शिकायत का समाधान उसी स्तर पर किया जाना चाहिए, जिस स्तर की वह शिकायत है ।वही सीडीओ तिवारी ने कहा कि शिकायतकर्ता को समाधान का मार्ग स्पष्ट रूप से बताया जाए और उन्हें संतुष्ट करने की भावना के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस के माध्यम से मिलने वाली सुविधाएं पात्र व्यक्तियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचनी चाहिए ।तहसील दिवस के दौरान राम सिंह दानू ने बोरबलड़ा में उरेडा की लघु जल विद्युत परियोजना को शीघ्र पुनः प्रारंभ करने की मांग रखी। वहीं, पीपलचौक मंडलसेरा के निवासियों ने अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारु करने की मांग की। अपर जिलाधिकारी ने इन शिकायतों पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर सी. तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जलनिगम के अभियंता वी.के. रवि, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजुलता यादव, आरडब्ल्यूडी ईई संजय भारती, आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निष्ठा कोहली शर्मा, तहसीलदार दलीप सिंह, युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत,एई जलसंस्थान दीनदयाल टम्टा, सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाकियू भानु के प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन के समक्ष रखी मांगे



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (भानु) के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट में एडीएम के साथ वार्ता की। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश ठैनुआ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर यशवीर सिंह और जिलाध्यक्ष देवेंद्र पहलवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज कुमार वर्मा तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक में किसानों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। यूनियन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों समक्ष किसानों से सम्बंधित मांगों को रखा। जिसमें पानी गांव बांगर को यमुना प्राधिकरण क्षेत्र से बाहर करना, डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करना, नहर बंबा की सफाई कर टेल तक पानी पहुंचाना, जर्जर विद्युत लाइनों को बदलवाना, यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों के बकाया मुआवजे का अविलंब भुगतान, निराश्रित और जंगली पशुओं से छुटकारा दिलाना, बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करना, जलभराव का स्थायी समाधान आदि मांगों को रखा। जिस पर प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर इन सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में रमेश सिकरवार, विजयपाल, लक्ष्मीनारायण, सुरेश प्रधान, विक्रम सिंह, कुशलपाल सिंह, छत्रपाल, पाल सिंह चौधरी, अजयपाल और भोलू पहलवान सहित अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।

# विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन परत के संरक्षण के लिए बच्चों को किया गया जागरूक :गीता यादव

**ब्यूरो चीफ बरेली/चरन सिंह**

बरेली। पृथ्वी को बचाने के लिए ओजोन परत बेहद जरूरी होती है। इसको लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए हर साल 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर क्यारा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार और विज्ञान अध्यापिका गीता यादव के नेतृत्व के कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें विज्ञान अध्यापिका द्वारा ओजोन परत की सुरक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि ओजोन परत सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है। लेकिन इंसानों की कुछ गलतियों की वजह से ये परत बहुत तेजी से क्षतिग्रस्त होती जा रही है। आइए




जानें इसके बारे में कुछ रोचक बातें। पृथ्वी के वायुमंडल में पाई जाने वाली सबसे ऊंची परतों में एक परत को ओजोन परत कहते हैं। इसका काम सूरज से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों को हमारी पृथ्वी में प्रवेश करने से रोकना होता है। इतना ही नहीं ये कई तरह की हानिकारक किरणों से भी बचाव करती है। इसकी खोज 1913 में फ्रांस के भौतिकविदों फैबरी चार्ल्स और हेनरी बुसोन ने की थी। बात पता चली कि ओजोन परत में छेद हो रहे हैं। इसकी सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र और 45 देशों ने मिलकर 16 सितंबर, 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद ओजोन परत को बचाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर काम करने लगे। 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के लागू होने की सालगिरह पर यह दिन चुना गया। एसी, फ्रीज और वाहनों का कम इस्तेमाल करे की कोशिश करें। ज्यादा से ज्यादा हरियाली ही ओजोन की परत को बचा सकती है। इसलिए अपने आसपास पौधे लगाएं। ताकि पृथ्वी को बचाया जा सके। गाड़ियों के टायर, पॉलिथिन, प्लास्टिक को भूलकर भी न जलाएं। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही नहीं एक पेड़ मां के नाम ओजोन परत को बचाने के लिए कारगर सिद्ध हो रही है लेकिन इसके लिए भारत के प्रत्येक व्यक्ति को अपने मां के नाम पेड़ लगाने के साथ उसकी सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लेना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर संकुल शिक्षक मोहन सिंह, मीनू रस्तोगी, आकांक्षा रावत, बेबी तबस्सुम, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह के साथ पंडित अनिल कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# श्री गजेन्द्रमुखी गिरिराज जी का 58 वाँ वार्षिक उत्सव मनाया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** कलियुग के साक्षात चमत्कारी ठा. स्वयं प्रगट श्री गजेन्द्रमुखी गिरिराज जी है। उनकी कृपा और दर्शन मात्र से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते है। यह बात भागवत किंकर मनीष पूर्णानन्द जी महाराज ने सभी भक्तों को बतायी। उन्होंने बताया कि श्री गजेन्द्रमुखी गिरिराज की असीम अनुकम्पा व गुरुदेव के आशीर्वाद से आप समस्त भक्तों को अवगत कराते हुये अपार हर्ष हो रहा है कि कलियुग के साक्षात चमत्कारी ठा. स्वयं प्रगट श्री गजेन्द्रमुखी गिरिराज जी का 58 वाँ वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस भव्य आयोजन के मूल में संकल्प यही है कि हम सभी भक्तजन, ब्रजजन इनके उत्सव में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य करें और सुख शान्ति प्राप्त करें। इसलिये आप सभी भक्त कार्यक्रम में पधारकर अपने पूर्वजों को प्रसन्न करते हुये आनन्द की प्राप्ति करें। पितृ मोक्ष के लिये श्री मदमूल भागवत सप्ताह पाठ का आयोजन आचार्य सतेन्द्र जी निवासी शाहँजहापुर के द्वारा दिनांक 14 से 20 सितंबर तक कराया जा रहा है। दिनांक 21 सितम्बर को भक्तजनों को भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। इस अवसर पर गीता मनीषी डॉ. विश्वास मित्र, गजेंद्रमुखी पीठाधीश्वर भागवताचार्य मनीष पूर्णानन्द जी महाराज, पूज्य वँशी कृष्णम महाराज, श्रीमति सरोज रानी, कुसुम, खुशबू, मेघा, चैयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, त्रिलोकी नाथ, मनोज, गणेश पहलवान आदि रहे।

# छात्रों और शिक्षकों ने ली स्वच्छता की शपथ

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आज से प्रारंभ हुए स्वच्छता पखवाड़े के प्रथम दिवस का आरंभ छात्रों के उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने छात्रों और शिक्षकों और अभिभावकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। डॉ पाठक ने उपस्थित छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को अपने घर, परिसर, परिवेश और अपने गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता को दैनिक जीवनचर्या का अंग बनाने के साथ, बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक मानसिक और भावनात्मक स्वच्छता पर भी बल दिया ताकि विद्यार्थी पूर्ण स्वच्छता को प्राप्त कर सके। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में प्रतिदिन आयोजित होने वाली विविध कार्यक्रमों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े में भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ ममता रानी, बिंदु शर्मा, प्रेमचंद आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रतिनिधि ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, किया निस्तारण



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और उनके प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम) ने आनंदधाम कॉलौनी स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान दर्जनों शिकायतों को सुना और तत्काल समस्या का निस्तारण किया। विदित रहे कि जिपंअ किशन चौधरी सुबह अपने आवास उसके उपरांत केएम रेसीडेंटस कार्यालय तथा केएम विश्वविद्यालय में लोगों की समस्याओं का समाधान प्रतिदिन करते है। आज ज्यादातर समस्याएं जलभराव और नाली खरंजा, बिजली की रही। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया समाज सेवक होने के नाते अपने क्षेत्र की जो समस्या है। उसका निराकरण हो ऐसा हमारे मुख्यमंत्री जी का भी निर्देश है।

मैं अपने आवास पर जनता दर्शन लगाकर लोगों की समस्या सुनता हूं और लोग अपनी समस्याओं को लेकर आते और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का पूरा प्रयास करता हूं। जनता दर्शन में आज जो भी लोग आए उनकी समस्या का तत्काल निवारण हो संबंधित, जिस भी विभाग से संबंधित कार्य होता है, तुरंत उन अधिकारियों को फोन किया जाता है तथा लोगों की समस्याओं का निस्तारण हो जाता है। उन्होंने बताया बारिश से खेत और ग्रामीण अंचलों में हुए जलभराव के लिए मैंने अपने निजी खर्चे से वर्मा सेट और पम्प सेट लगवाएं है, जो निरंतर जल निकासी का कार्य कर रहे है।

ब्रज में रहने वाला किसान इस बार भी समय पर ही अपने खेतों में गेहूं की बुवाई करेगा यह मेरा वायदा है। अगर कोई गांव या खेत से जलनिकासी नहीं हो पाई है, तो आप जिला पंचायत अध्यक्ष या प्रतिनिधि को अवगत करायें। समस्या का समाधान किया जाएगा।

# हाई कोर्ट के आदेश पर अवैध झुग्गियां पर चला प्रशासन का पीला पंजा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**





हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित मंगलवार के सुबह एसडीम हापुड़ जिला प्रकाश, सीईओ वरुण मिश्रा व हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट पुलिस बल के साथ हाई कोर्ट के आदेश पर बिहारी आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास पहुंचे और कई वर्षों से सड़कों के किनारे झुग्गी झोपड़ी डाल रह रहे घुमंतरू लोगों की दो झुग्गीयो पर नगर पालिका परिषद हापुड़ के कर्मचारियों की मदद से नीला पंजा बुलडोजर के द्वारा अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया। इस दौरान घुमंतरू लोगों से पुलिस प्रशासन की झड़प को देखते हुए मौके पर दो थाने की पुलिस भी पहुंच गई और सख्त एक्शन के अनुरूप अवैध झुग्गियों को सड़क किनारे से बुलडोजर के माध्यम से हटा दिया। लेकिन घुमंतरू लोगों ने झुग्गी झोपड़ियां के पीछे निवास कर रहे मनोज अग्रवाल पर स्कूल की जमीन कब्जा करने का आरोप लगा सड़क पर हंगामा कर दिया लेकिन जिला प्रशासन की कार्रवाई के आगे किसी की भी ना चली। एसडीएम ईला प्रकाश ने बताया कि अवैध रूप से सड़कों पर झुग्गिया डाल निवास कर रहे घुमंतुरू लोगों से कई बार झुग्गी हटाने के साथ हाई कोर्ट के आदेश के बाद हापुड़ नगर पालिका कर्मचारी व जिला प्रशासन ने खाली करने के निर्देश दिए थे। लेकिन उन्होंने आदेशों का पालन करते हुए खुद झुग्गी झोपड़ी नहीं हटाई थी। आज नगर पालिका कर्मचारी हापुड़ के साथ जिला प्रशासन व पुलिस टीम की मौजूदगी में अवैध झुग्गीयो को हटाया गया है। इस दौरान कोई विवाद ना बड़े प्रशासन की सख्ति के बीच कार्रवाई शांतिपूर्ण रही है।

# पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्री रामलीला समिति द्वारा शहर में निकली रावण दिग्विजय यात्रा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में मंगलवार को रावण दिग्विजय यात्रा संपन्न की गई। परम श्रद्धेय पवन देव चतुर्वेदी व्यास महाराज ने बताया कि जब धरती पर रावण का आतंक बढ़ता चला गया तो रावण ने पूरी पृथ्वी पर ऐसा संदेश पहुंचा दिया कि यदि आज के बाद कोई भी ऋषि मुनि यज्ञ हवन इत्यादि देवी देवताओं की पूजा करेगा तो वह रावण के हाथों मारा जाएगा। इसके उपरांत रावण ने कुबेर पर चढ़ाई कर दी उस युद्ध जीतने के बाद पुष्पक यान प्राप्त किया और सोने की लंका प्राप्त की तत्पश्चात रावण का विवाह मंदोदरी नामक कन्या से हुआ उसके बाद में रावण का आतंक नहीं रुका रावण दिन प्रतिदिन अपनी आसुरी शक्तियों से प्रबल होता गया पृथ्वी पर जितने भी संत मुनि महात्मा थे सब रावण के भय से कांपते थे। उसी के मध्य नजर श्री रामलीला महोत्सव में रावण दिग्विजय यात्रा निकाली जाती है। यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि हापुड़ कोतवाल देवेंद्र बिष्ट रहें। यात्रा श्री मनसा देवी मंदिर बुलंदशहर रोड से प्रारंभ होकर कोठी गेट, माता मोहल्ला होते हुए बाजार बजाजा से छोटी मंडी बड़ी मंडी भाटिया होते हुए सराफा बाजार चंडी रोड पक्का बाग से होते हुए दिल्ली रोड अतरपुरा चौपला से रेलवे रोड फ्री गंज रोड तहसील चौपला होते हुए रामलीला ग्राउंड पहुंचेगी।

जिसमें पांच बैंड, पांच बग्गी, झांकी, ताशे, नपीरी व चार घोड़े आदि निकल गए जिसमें श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, वरिष्ठ प्रधान नवीन वर्मा उप प्रधान ,सुयश वशिष्ठ संरक्षक अनिल आजाद, रतनलाल नन्हे रविंद्र गुप्ता मीडिया प्रभारी वरुण गोयल व अन्य विवेक सिंहल उर्फ चुना नवीन गुप्ता, मनीष मित्तल विमल वर्मा, हरिप्रकाश जिंदल, गौरव बजरंगी, रवि गर्ग मिलन टेंट प्रदीप वर्मा अतुल वर्मा अनिल कुमार, टोपी माधव वर्मा व ऋतिक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## छात्रा की आत्महत्या का कारण बना युवक गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** सागीपुर थानान्तर्गत शादी से इनकार करने पर छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। अब तक प्राप्त सूचनानुसार छात्रा की आत्महत्या का मुख्य कारण बने शिवाश शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है। अव तक प्राप्त खबरो के अनुसार एक परिवार के बेटे और चार बेटियां गाव मे रहते हैं। तीसरे नंबर की 14 वर्षीय बेटी गांव के ही विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा थी। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर के अंदर पंखे से लटकता उसका शव मिला। उसे फांसी पर लटके देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक छात्रा के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवक पर आरोप लगाया है कि बहन को शादी का झांसा देकर आरोपी ने शारीरिक संबंध बनाया। आरोपी ने जब शादी से इनकार किया तो बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## नवनियुक्त गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान का तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा ने किया स्वागत



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद में तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंगलवार को गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पहुंचे और थाना बहादुरगढ़ से स्थानांतरण होकर आए नवनियुक्त गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान को राम-नाम रूपी पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया और तीर्थ पुरोहित गंगा घाट सभा के अध्यक्ष देवीप्रसाद गौड़ ने कहा कि घाट सभा पुलिस प्रशासन का हर प्रकार से सहयोग करती है और करती रहेगी।

गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार बालियान ने भी घाट सभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रकार से तीर्थस्थल गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा जाएगा तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है।इस अवसर पर घाट सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा,मनोज नागर,पवन शर्मा व सचिन शर्मा ,महासचिव राहुल( रिंकु ) शुक्ला,कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा ,सह कोषाध्यक्ष अधिवक्ता हरीश नागर ,सहसचिव केशव शर्मा उपस्थित रहे।

## कला से समाज में प्रेम, धैर्य और सौंदर्य का संचार: प्रयागराज की कलाकार सोनाली कसौधन बनीं प्रेरणा की मिसाल

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज की प्रसिद्ध चित्रकार सोनाली कसौधन ने कला के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। उनका मानना है कि कला अपने आप में एक योग है, कलाकार को अपने भीतर उतरना पड़ता है। यही सोच उन्हें समाज में सौंदर्य, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने वाली कलाकार के रूप में स्थापित कर रही है। सोनाली बताती हैं कि कला सौन्दर्य है और सौन्दर्य ही जीवन का आधार है। हर व्यक्ति में कला मौजूद है, बस अभिव्यक्ति का तरीका अलग होता है। वे रंगों, चित्रों और आकृतियों के माध्यम से महिलाओं की भावनाओं, उनकी शक्ति, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास को सुंदर ढंग से चित्रित करती हैं। उनकी प्रदर्शनी में ऐसे चित्र शामिल हैं जो ध्यान, आत्मचिंतन और मानसिक संतुलन का संदेश देते हैं। कुछ चित्रों में गहराई से जुड़े ध्यान के भाव दिखाई देते हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जो कलाकार के भीतर छिपे विचारों को सामने लाते हैं। सोनाली ने कहा, यदि हम अच्छी चीजें देखेंगे तो मन में अच्छे विचार जागेंगे। हर व्यक्ति जीवन में मीठास लेकर आगे बढ़ सकता है। उनका यह कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। सोनाली ने आगे कहा, हर क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है, बस उसमें पूरी तरह खुद को समर्पित करने की आवश्यकता है। हमने महिलाओं की शक्ति और कोमलता को चित्रों के माध्यम से दर्शाकर दुनिया को नया दृष्टिकोण दिया है। उनकी पेंटिंग्स न केवल घर की सजावट के लिए आदर्श हैं, बल्कि आम आदमी की पहुँच में भी हैं। वे कहती हैं कि कला केवल क्राफ्ट नहीं है, इसे मन की गहराइयों से महसूस करना होता है। सोनाली का यह सफर संघर्ष, धैर्य और आत्मबल की मिसाल है। वे समाज में प्रेम और एकता का संदेश देती हैं और बताती हैं कि प्रकृति और युवा पीढ़ी एक-दूसरे से आगे बढ़ रही है, प्रेम कभी खत्म नहीं होता। उनकी कला आज समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी है—जहाँ हर व्यक्ति अपने भीतर छिपे सौंदर्य और शक्ति को पहचान सकता है।

# मौलाना रजवी ने कहा, सुन्नी वक्फ बोर्ड करप्शन का अड्डा, तुरंत भंग किया जाए

**वेलकम इंडिया/धर्मेन्द पटेल**



**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह संस्था पूरी तरह करप्शन का अड्डा बन चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि इस बोर्ड को तत्काल भंग कर दिया जाए और इसके सदस्यों व अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। मौलाना ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला वक्फ संशोधन बिल 2025 को लेकर तस्वीर साफ करता है और यह देश, समाज और मुसलमानों के हित में है। मौलाना रजवी ने मंगलवार को अपने जारी बयान में कहा है कि भारत सरकार वक्फ संशोधन बिल 2025 लेकर आई थी, जिसे संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया। कुछ संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पर रोक लगाने की याचिका डाली थी, लेकिन अदालत ने मुकम्मल स्टे देने से इनकार करते हुए केवल दो-तीन बिंदुओं पर संशोधन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं। इसके साथ ही मौलाना रजवी ने कहा कि सुन्नी वक्फ बोर्ड कार्यालय भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। लखनऊ में मशहूर जुमला है कि जो शख्स वक्फ बोर्ड के दरवाजे से अंदर कदम रखता है तो दीवारों से आवाज आती है कि यहां की हर ईंट पैसा मांगती है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी-सी मस्जिद, कब्रिस्तान या दरगाह की कमेटी गठित कराने के लिए वर्षों तक चक्कर काटने पड़ते हैं और बिना रिश्वत काम नहीं होता। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि करप्शन में जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए इस बोर्ड के सभी सदस्यों और अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। कई जनपदों में इनके खिलाफ दर्ज मुकदमों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मौलाना ने कहा है कि बोर्ड के अध्यक्ष लंबे समय से एक ही पद पर काबिज हैं और वे समाजवादी पार्टी के करीबी माने जाते हैं। बसपा शासनकाल में पांच साल, सपा सरकार में पांच साल और अब भाजपा के दोनों कार्यकाल में भी वही अध्यक्ष बने हुए हैं। आखिर ऐसी कौन-सी खूबियां हैं कि अखिलेश यादव के चहेते को 18 साल से पद पर टिकाए रखा गया है ? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आजम खां के साथ मिलकर रामपुर की वक्फ जमीनों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां भी की गई थीं।

# बरेली में युवक की सरेआम पिटाई, आधा दर्जन महिलाओं ने लात-घूंसे और डंडों से किया हमला, वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बैरियर नंबर-2 चौकी के पास एक युवक की सरेआम हुई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि करीब आधा दर्जन महिलाएं युवक को सड़क पर बेरहमी से पीट रही हैं कभी थप्पड़ों से, कभी लात-घूंसों से, तो कभी डंडों से। इस वीडियो में जहां एक तरफ युवक बुरी तरह पिट रहा था, वहीं आसपास खड़ी भीड़ तमाशा देखने में लगी हुई थी। आसपास के लोगों में से न तो किसी ने बीच-बचाव किया, न ही पुलिस को तुरंत सूचना दी, उल्टा कई लोग वीडियो बनाते हुए नजर आए। इस तरह की असंवेदन शीलता को लेकर सोशल मीडिया पर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया और दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लंबी कतारें लग गई। स्थानीय लोग और राहगीर इस घटना को देखकर भौचक्के रह गए। फिलहाल युवक की पिटाई की वजह सामने नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक और महिलाओं के बीच पहले कुछ कहासुनी हुई थी, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई। इस घटना को लेकर इज्जतनगर थाना पुलिस ने कहा है कि घटना की वीडियो फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। घटनास्थल से जुड़े सभी पक्षों से पूछताछ की जाएगी। यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तहसील में एक दूसरे पर कार्रवाई को लेकर लेखपाल और वकील आमने-सामने

बुलंदशहर शिकारपुर तहसील में कार्रवाई को लेकर लेखपाल और वकील आमने-सामने हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को लेखपाल दया शंकर तहसील में मौजूद थे वहीं अधिवक्ता शीशपाल सिंह किसी किसान की कुर्रे बंदी की फाइल को लेकर वार्ता कर रहे थे और देखते ही देखते लेखपाल और वकीलों में कहां सुनी हो गई जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने लेखपाल पर विभिन्न आरोप लगाते हुए तहसीलदार को लेखपाल के खिलाफ एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसकी जांच तहसीलदार ने नायब तहसीलदार को सौंपी थी उधर लेखपाल ने वकीलों पर अभद्रता और जान से मारने का आरोप लगाया है। वही लेखपाल पर भी वकीलों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

# प्रयागराज में 27वीं ओपन शतरंज प्रतियोगिता का शानदार आयोजन, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज में आर एम जी शतरंज अकादमी एवं आरंभ इवेंट्स के द्वारा 27 वा ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सिविल लाइंस में किया गया।जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ राज गुलाटी और प्रयागराज कीड़ा भारती के सेक्रेटरी नवीन पोरवाल के द्वारा मोहरों को चलकर किया गया आयु वर्ग 7 में पहले स्थान पर मो हाशिम सिद्दीकी द्विवेदी दूसरे स्थान पर अनिका सिंह तीसरे स्थान पर रुद्र विशेष आयु वर्ग 9 में पहले स्थान परअयांश जायसवाल दूसरे स्थान पर कार्तिकेय तीसरे स्थान पर लक्ष्य गुप्ता आयु वर्ग 11 में पहले स्थान पर सात्विक आनंद दूसरे स्थान पर अनय पाठक तीसरे स्थान पर श्रेयांश सिंह आयु वर्ग 13 में पहले स्थान पर कार्तिकेय श्रीवास्तव दूसरे स्थान पर विराट केशरवानी तीसरे स्थान पर ठाकुर दौलत सिंह आयु वर्ग 15 में पहले स्थान पर अत्यूष नंदन दूसरे स्थान पर प्रदुम्न द्विवेदी तीसरे स्थान पर दिव्याग्र बालिका वर्ग में पहले स्थान पर शिमाज अब्दुल्ला दूसरे स्थान पर नंदिका सिंह तीसरे स्थान पर अन्या सिंह ओपन कैटेगरी में पहले स्थान पर मोहम्मद हसनैन सिद्दीकी दूसरे स्थान पर अयांश शुक्ला तीसरे स्थान पर मोहम्मद वासिम तथा वेटरन ग्रुप में जोगिंदर सिंह विजेता रहे आईएमजी ओपन शतरंज प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि इंटरनेशनल रेडियो सुर संगम के डायरेक्टर डॉ राज गुलाटी,प्रियांक गुप्ता लोहा वाले , क्रीड़ा भारती प्रयागराज के सचिव नवीन पोरवाल , उजाला शिखर के संपादक आलोक मालवीय के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया गया एवं खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## सभी शिक्षक बच्चों का सर्वांगीण विकास करें तथा नैतिकता का पाठ अवश्य पढाये -संकुल शिक्षक

**शिकारपुर/**मंगलवार को पहासू ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करैना में संकुल शिक्षक की मासिक बैठक में नोडल शिक्षक वीरेंद्र शर्मा के द्वारा कहा गया कि सभी शिक्षक छात्रों का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ नैतिकता का पाठ अवश्य पढाए इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरिराम ने सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात समस्त शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव साझा किया इस मौके पर न्याय पंचायत और उटरावली के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षामित्र अनुदेशक उपस्थित रहे प्रमुख रूप से वीरेंद्र शर्मा राजकुमार सिंह हेमंत कुमार राजबाला हरिराम राहुल सिंह धर्मेंद्र सिंह मुमताज अली त्रिदेव कुमार शकुंतला शर्मा महेश कुमार राज हेमलता कुसुम माहौर सतीश चंद लालाराम यशवीर सिंह दुष्यंत शर्मा लक्ष्मी नारायण शर्मा आशीष शर्मा सुभाष चंद्र प्रहलाद सिंह आदि रहे।

# सरकारी जमीन पर आरा मशीनों के मालिकों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण




**अनुज कुमार शर्मा ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** आरा मशीन मालिकों द्वारा सरकारी जमीन पर कई वर्षों से अवैध अधिक्रमण कर रखा है जिसकी शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर भी की गई लेकिन इन सब के बावजूद आराम मशीन मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके कारण आरा मशीन मालिकों के हौसले बुलंद है और सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है।

आरा मशीन मालिकों द्वारा डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे जो की फ्लाईओवर पर पैदल जाने का मुख्य मार्ग है आरा मशीन मालिकों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर रास्ते को बाधित किया जा रहा है। जिसके कारण पैदल जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फ्लाईओवर के नीचे आरा मशीन मालिकों द्वारा लकड़ी के मोटे-मोटे लट्ठे डाल दिए जाते हैं जबकि फ्लाईओवर पर जाने के लिए बच्चे हो बूढ़े हो या नौजवान सभी इस पैदल मार्ग का उपयोग करते हैं और डर बना रहता है कि कोई बड़ी अप्रिय घटना घटित ना हो जाए। जिसकी शिकायत पिछले दो बार आइजीआरएस पोर्टल पर की जा चुकी है लेकिन अधिकारियों द्वारा सही आख्या प्रस्तुत किया जाने पर अभी तक आरा मशीन मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण आरा मशीन मालिकों के हौसले बुलंद हैं और उनमें शासन प्रशासन का कोई खौफ नहीं है।

## आगामी त्यौहारों को लेकर एसडीएम सीओ ने शांति समिति की बैठक



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर/अहार थाना परिसर में एसडीएम प्रियंका गोयल ने आगामी नवरात्रि त्योहार पर्व पर शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की। सीओ अनूपशहर रामकरन ने कहा कि हिन्दू मुस्लिम भाइयों को सभी त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए।ऐसा करने से आपसी भाईचारा और बढ़ता है।आप सभी को अहार क्षेत्र की मिसाल कायम रखनी चाहिए। मां अवंतिका देवी मंदिर के पुजारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि नवरात्र मेला शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शर्मा ने कहा कि रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मंचन शांतिपूर्ण ढंग से कराया जाएगा। विभिन्न गांवों के समाजसेवी व्यक्तियों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी धार्मिक त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने चाहिए।जो मिसाल कायम हो सके।

इस अवसर पर क्षेत्र के गांवों के संभ्रांत व्यक्ति ने भी अपने अपने विचार रखे। इस बैठक में प्रधान अजय सिंह, ईश्वर सिंह,विजय पाल सिंह, प्रधान पति बलजीत सिंह, प्रधान पति धर्म सिंह, प्रधान पुत्र संदीप कुमार, राकेश सिंह,बी डी सी हरेन्द्र सिंह समेत पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम कार्यालय पहुंच सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उप्र मथुरा के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को संगठन से जुड़े कई दर्जन पत्रकार साथियों के साथ सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी कार्यालय में पहुँच ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उप्र मथुरा के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि संगठन के प्रांतीय आह्वान पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाअधिकारी कार्यालय जाकर दिया गया। मांग पत्र में ग्रामीण अंचल के पत्रकारों के सामने तरह-तरह की समस्याएं होती हैं जिनका समाधान नहीं हो पाता। सात सूत्रीय मांग अंतर्गत राज्य मुख्यालय लखनऊ में शासन की ओर से अन्य संगठनों की तरह कार्यालय हेतु भवन का आवंटन किया जाए जिससे सुदूर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को रूकने तथा प्रदेश स्तरीय बैठक करने की समस्या न हो, मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए जिससे स्वयं और उनके परिवार कैशलेस इलाज करा सकें, इस योजना में सिर्फ अखबार कार्यालयों में कार्यरत संवाददाताओं को शामिल किया जाए जिनकी सूची जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए साथ ही लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए, उनकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से तैयार हो,पत्रकारों के विरुद्ध फर्जी मुकदमे दर्ज करने से पहले पुलिस प्रशासन राजपत्रित अधिकारी से जांच कराया जाए ताकि पत्रकारों का उत्पीड़न रोका जा सके। राज्य, जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार स्थाई समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसरों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियति बैठक कराई जाए, शासन के निदेर्शानुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी संबंधित तहसील अध्यक्षों को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल करना समय की मांग होगी तथा प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत पत्रकार को किसान बीमा योजना की तरह तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाए. इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 20लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाए,ताकि शोकग्रस्त परिवार को संकट की घड़ी में सहारा मिल सके।

# राष्ट्रीय लोकदल ने सिवाल खास विधान सभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सिवालखास विधानसभा क्षेत्र के सरूरपुर ब्लॉक में प्रदेश महासचिव और सिवालखास विधानसभा के सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया नेतृत्व में ग्राम करनावल और सरूरपुर में जोर जोर से सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें रणबीर दहिया ने पार्टी की नीतियों और कार्य को बताते हुए क्षेत्र के लोगों से पार्टी को मजबूत करने का हवन किया रणबीर भैया ने कहा की राष्ट्रीय लोक दल पार्टी किसान हितैषी और गांव समाज का कल्याण वाला कल्याण करने वाली एकमात्र पार्टी है। जिसमें सचिन चौधरी प्रदेश महासचिव युवा राष्ट्रीय महासचिव आरुषि सिरोही किस पर पोस्ट के प्रदेश महामंत्री मोनू ढिंडाला पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। पंचायत में उपस्थित सभी लोगों ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया माही डॉक्टर सुशील प्रदेश महासचिव एससी एसटी



इस प्रकोष्ठ व मुकेश पार्चा ने भी पार्टी में सभी वर्गों को जोड़ने का हवन किया और सभी वर्ग की हितेषी पार्टी बताते हुए पार्टी के सदस्य अभियान को सफल बनाने का आबंध किया। इस मौके पर देवकरण चौधरी आदेश पूनिया गौरव पूनिया रिछपाल चौधरी विनोद वीरेंद्र चौधरी गजेंद्र सिंह सोनू मास्टर जी अशोक कुमार महेश पाल सिंह अशोक कुमार अनिल जाखड़ ओमकार भदौरा वहीं सरूरपुर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने भी पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके हरवीर फौजी इंद्रपाल मास्टर जी सुंदर पाल सिंह मांगेराम बुद्ध प्रकाश प्रजापति ओमवीर जाटव रविंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# आर.के.जी.आई.टी. गाजियाबाद में इंजीनियर्स डे का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के सहयोग से इंजीनियर्स डे का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई. अजीत कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्य), इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड तथा विशिष्ट अतिथि ई. प्रह्लाद सिंह त्यागी, पूर्व मुख्य अभियंता, यूपी पीडब्ल्यूडी रहे। दोनों अतिथियों ने ह्लडीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता : भारत के टेकाड का मार्गदर्शनह्व विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताते हुए युवा अभियंताओं से नई जिम्मेदारियाँ निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. एस. सी. गुप्ता, चेयरमैन, आई.ई.आई.-जी.एल.सी., इंजीनियर पुनीत गोयल, मानद सचिव,




आई.ई.आई.-जी.एल.सी., कार्यकारी निदेशक डॉ. डी. के. चौहान, निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन अकादमिक्स डॉ. आर. के. यादव, डीन एक्रिडिटेशन डॉ. रामेंद्र सिंह तथा डीन ईआईआई डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ई. जगदीश कुमार और प्रिया शर्मा ने किया, जबकि समन्वय डॉ. रॉबिन अब्राहम एवं दीपक कुमार द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# आदर्श जनता इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर, गाजियाबाद में हिन्दी दिवस पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र -छात्रा? ने प्रतिभाग किया। हिन्दी अध्यापक कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने बच्चों को हिन्दी दिवस पर निबंध लिखने के लिए कहा। बच्चों ने निबन्ध लेखन का कार्य सही ढंग से किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह तोमर ने आज बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें पुरस्कृत किया। तथा विद्यालय परिवार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# पुलिस ने टप्पेबाजी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त से चोरी किया सामान बरामद किया। थाना मोदीनगर पुलिस ने टप्पेबाजी की घटना अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किया सामान भी बरामद कर लिया है। गत 26 अगस्त को थाना मोदीनगर पर नन्दा बल्लभ पंत रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर निवासी मोहन पार्क थाना मोदीनगर गाजियाबाद द्वारा तहरीर दी गयी कि 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल पर आकर उनके घर में उनकी पत्नी से सोने के गहने साफ करने के बहाने धोखाधड़ी करते हुए उनकी पत्नी से सोने के दो कंगन चोरी कर ले गए। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर तत्काल सुसंगत धारा के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। मोदीनगर पुलिस द्वारा



सीसीटीवी फुटेज व मैनुअल इनपुट के आधार पर उपरोक्त घटना का अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले अभियुक्त युसुफ उर्फ मोटा पुत्र शेर अली निवासी आसिफाबाद थाना किला परीक्षितगढ़ जिला मेरठ उम्र 30 वर्ष को तिबड़ा रोड से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी का सामान 01 कंगन बरामद करते हुये घटना में प्रयुक्त अभियुक्त से बरामद मोटरसाइकिल को सीज किया गया है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान घटना करने का इकबाल किया है तथा बरामद कंगन के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि उसने व उसके दोस्त आबिद पुत्र जाफर निवासी ग्राम असलपुर थाना किठोर जिला मेरठ ने मोदीनगर के मोहन पार्क कालोनी के एक घर से ठगी करके दो कंगन चुराए थे। बंटवारा करने पर दोनों के हिस्से में एक-एक कंगन आया था। जिसमें दूसरा कंगन आबिद के पास है। बरामद मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल आबिद की है।


# ईओ ने नगर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान मची खलबली




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**/मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शिकारपुर सुश्री नीतू सिंह के नेतृत्व में श्री महाकाली शोभायात्रा से पूर्व पुलिस प्रशासन व पालिका कर्मचारिगणों के साथ खुर्जा बस स्टैंड से मैन बाजार होते हुए पहासू अड्डे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें पालिका की आराजी पर अवैध रूप से टिन शेड डालकर, सीढ़ी बनाकर, तखत डालकर व स्लैव डालकर किये गए स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को पालिका की जेसीबी व कर्मचारियों द्वारा हटाया गया।ताकि शोभायात्रा मार्ग में किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न ना हों साथ ही अधिशासी अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी की अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर पूरे नगर में चलता रहेगा तथा लोगों को भविष्य में इस प्रकार दोबारा अतिक्रमण न करने व अपने प्रतिष्ठानों के आस-पास साफ-सफाई रखने की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर नगरपालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छाया स्कूल में होगी खो खो राष्ट्रीय तकनीकी विशेषज्ञ परीक्षा -.एम एस त्यागी




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में आगामी 12 अक्टूबर 2025 को खो खो राष्ट्रीय तकनीकी विशेषज्ञ परीक्षा का आयोजन किया जाएगाह्न इसमें देश भर के विभिन्न राज्यों के राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, शारीरिक शिक्षक व खेल प्रशिक्षक इस परीक्षा में भाग लेंगे खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के चैयरमैन एम एस त्यागी ने उन्होंने बताया आज खो खो विश्व के 50 से भी अधिक देशों में खेला जा रहा है। जनवरी 2025 में दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खो-खो वर्ल्ड कप का सफल आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न देशों की 25 टीमों ने भाग लिया खो-खो हमारा पारंपरिक खेल है और हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारा खेल दूसरे देश खेल रहे हैं छाया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी परीक्षा के आयोजन सचिव व भूपेंद्र सिंह परीक्षा प्रभारी होगे। परीक्षा को सफल बनाने में सुनील वशिष्ठ, प्रवीण कुमार, योगेश गुप्ता, अशोक नागर, सुमित, कपिल कुमार को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। इस अवसर पर खो खो से जुड़े गणमान्य खिलाड़ियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# भोजपुर थाना पुलिस ने दो शातिर भैंस चोरों को किया गिरफ्तार किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भोजपुर पुलिस ने पशु चोरी की घटना करने वाले 02 चोरों को गिरफ्तार कर चोरों के कब्जे से चोरी की गई भैंस बरामद की है। गाजियाबाद के भोजपुर पुलिस द्वारा भेंस चोरी की घटना करने वाले 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की भैंस पुलिस ने बरामद की है। बीते दिनों भोजपुर थाने पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि अज्ञात चोर द्वारा वादी की भैंस चोरी कर ली गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर सुसंगत धारा 305 बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। भोजपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त चोरी की घटना करने वाले 02 अभियुक्त इरफान उर्फ जुनैद पुत्र



रियाज निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष व शाकिर पुत्र मौ0हसन निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना भोजपुर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 21 वर्ष को थाना भोजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की गई 01 भैंस बरामद हुई है।

# हनीट्रैप में फंसाकर किया व्यापारी पुत्र का अपहरण, मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर निवासी पत्थर व्यापारी मनीष गुप्ता के बेटे शशांक गुप्ता का अपहरण हनीट्रैप के जरिए किया गया था। घटना का खुलासा होते ही पूरे जिले में सनसनी फैल गई। पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के बाद युवक को सकुशल छुड़ा लिया। इस दौरान दो बदमाशों को गोली लगी जबकि कई अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, अपहरण में शामिल युवती और उसका साथी फरार हैं जिनकी तलाश में पुलिस की दबिश जारी है। डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि 9 सितम्बर को शशांक गुप्ता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। उनकी कार दनकौर कोतवाली क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली थी। इसके बाद शशांक के दादा रामप्रकाश गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि बिसरख निवासी निमय शर्मा ने पूरी साजिश रची थी। उसी के इशारे पर महिला आरोपी निशा उर्फ प्रीति ने शशांक से संपर्क साधा और उन्हें प्रेमजाल में फंसाकर 9 सितम्बर को मिलने बुलाया। इसके बाद वह शशांक को गाजियाबाद से दनकौर ले गई, जहां से आरोपी युवक को अपनी कार में बैठाकर छिबरामऊ ले गए। पुलिस की टीमों ने लगातार दबिश देकर रविवार को बड़ी कार्रवाई की। दनकौर कोतवाली पुलिस, बीटा-2 कोतवाली, सेक्टर इंफोटेक वन और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर अपहरणकताओं को घेरा। मुठभेड़ में फरुर्खाबाद निवासी मोहित गुप्ता और कन्नौज के आलोक यादव के पैर में गोली लगी जबकि तीन अन्य बदमाश - बिसरख निवासी निमय शर्मा, कन्नौज निवासी श्याम सुंदर और फरुर्खाबाद निवासी सुमित कुमार को पकड़ लिया गया। घटना में शामिल मुख्य महिला आरोपी निशा उर्फ प्रीति और उसका साथी अंकित फरार हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पत्रकार वार्ता में व्यापारी मनीष गुप्ता भावुक हो उठे। उन्होंने रोते हुए कहा कि पुलिस मेरे लिए भगवान है, जिसने मेरे बेटे को जिंदा बचा लिया। वहीं, शशांक गुप्ता ने एसीपी के पैर छूकर आभार जताया और कहा, सर, आपने मेरी जान बचा ली। व्यापारी मनीष गुप्ता ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले गाजियाबाद पुलिस से मदद मांगी थी लेकिन वहां से सहयोग नहीं मिला। इसके बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उनके बेटे को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। यह मामला न केवल अपराधियों की साजिश का खौफनाक चेहरा उजागर करता है बल्कि यह भी दिखाता है कि समय रहते पुलिस की तत्परता कैसे एक युवक की जान बचा सकती है।

# रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने रचा रक्तदान का नया कीर्तिमान, 208 यूनिट रक्त संग्रहित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मानवता की सेवा और समाजहित के संकल्प के साथ रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने मंगलवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर एनएच-9 स्थित आई.एम.एस. यूनिवर्सिटी कोर्स कैम्पस में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 208 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. सुभाष जैन ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा निःस्वार्थ कार्य है जो जाति, धर्म और सीमाओं से परे है। यह न केवल किसी का जीवन बचाता है बल्कि समाज में एकता और सहयोग की शक्ति को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रक्तदान की महत्ता को समझना चाहिए और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। क्लब प्रेसीडेंट भारती गर्ग ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की जरूरत होती है, लेकिन कई हिस्सों में रक्त की कमी अब भी एक बड़ी समस्या है। रक्तदान महान दया और मानवता का प्रतीक है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों, यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवकों, शिक्षकों और छात्रों को धन्यवाद दिया जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर बबीता जैन, आशीष गर्ग, प्रवीन गोयल, सीमा गोयल, दीपक कुमार अग्रवाल, योगेश कुमार गोयल, नरेश कुमार गर्ग, विकास गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनु अग्रवाल, अधीर गर्ग, सुजाता गर्ग, राकेश अग्रवाल, अनीश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य, शिक्षकगण, स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रोटरी क्लब की प्रेसिडेंट (2025-26) भारती गर्ग और सचिव (2025-26) प्रवीन गोयल ने विशेष रूप से दीपा छारिया और राकेश छारिया का धन्यवाद किया, जिन्होंने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। रक्तदान शिविर में एकत्र की गई 208 यूनिट रक्त से सैकड़ों मरीजों की जिंदगी को नया जीवन मिलेगा।



# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने की जनसुनवाई

वेलकम इंडिया



- जनता यदि शिकायत करती है तो समाधान होने पर प्रशंसा भी करती है : जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़
- हर शिकायत का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए फीडबैंक लेना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी ?प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। यदि दिया गया है तो उसकी डिटेल ऑनलाईन चैक कर उस पर कार्यवाही करते हैं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जनसुनवाई के दौरान 1-2 दिनों से विद्युत विभाग के खिलाफ प्राप्त शिकायतों के सम्बंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग एक्सईएन मोदीनगर से उक्त शिकायतों के सम्बंध में आख्या मांगी चाही गयी थी। जिसके क्रम में एक्सईएन ने विस्तार से आख्या सहित जिलाधिकारी महोदय को समस्या से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने एडीएम ई, एसडीएम मोदीनगर, एक्सईएन की टीम गठित करते हुए जल्द रिर्पोट प्रस्तुत करने और समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा अन्य शिकायतों में सम्बंधित अधिकारियों को वाट्सअप पर शिकायती पत्र भेजते हुए कॉल कर उन्हें शिकायतों को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि यदि किसी को कोई समस्या होती हैं तो वह उस समस्या के निराकरण के हेतु उसके पास जाता है जिससे उसे उम्मीद होती है कि वहां उसकी समस्या का समाधान हो जायेगा। हमें उनकी इस उम्मीद पर खरा उतरना है और उनकी समस्याओं का निदान कराना है। यदि जनता शिकायत करती है तो उनकी शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने पर प्रशंसा भी करती है। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एसडीएम श्री अरूण दीक्षित, आईएएस श्री अयान जैन, एसीएम श्री राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## बीकॉम छात्रा से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने अपनी पुत्री को लेकर थाने में गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी, जो बीकॉम की छात्रा है, लंबे समय से उत्पीड ? का शिकार हो रही है। छात्रा की मां के मुताबिक, मोहल्ले का ही युवक देवांक पुत्र मोनू आए दिन उसकी बेटी का पीछा करता है और अश्लील टिप्पणियां करता है। आरोप है कि देवांक ने न सिर्फ छात्रा का रास्ता रोका बल्कि छेड़छाड़ करते हुए विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इससे छात्रा और परिवार दोनों गहरे भय और तनाव में आ गए। परेशान होकर पीड़िता की मां ने मोदीनगर थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी और लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए देवांक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे कानून के शिकंजे में लिया जाएगा। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश और चिंता दोनों को बढ़ा दिया है। छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ और धमकी ने सुरक्षा की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## इंडिया एशिया जोन की विजेता बनी नव्या

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नारीत्वे हि समस्तं जगत प्रतिष्ठितम यह हैं नव्या महाजन - शिक्षा से सर्जन, पेशे से मार्केटर, यानी इंसानों को भी ठीक करना आता है और ब्रांड्स को भी!

और अब Mrs. India Asia 2025 West Zone की विजेता इन्हें किताबें पढ़ने का बेहद शौक है – रोज एक किताब ताकि न बोरियत हो और न ही फालतू की बातें। घर पर, ये दो बेटियों की माँ हैं और ये समझ लीजिए – नारीवादी बेटियाँ पालना इस पितृसत्तात्मक समाज में किसी मैराथन से कम नहीं! सबसे बढ़कर, नव्या मानती हैं कि बुद्धि, हास्य और महिलाओं का एक-दूसरे का साथ देना ही दुनिया बदल सकता है – और वो यही करने आई हैं, एक कहानी, एक मुस्कान और एक कदम में।

## हेल्मेट मजबूरी नहीं, सुरक्षा का कवच है

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ₹हेल्मेट मजबूरी नहीं, सुरक्षा का कवच है₹- इस संदेश को जमीन पर उतारने के लिए गाजियाबाद प्रशासन ने अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अक्सर देखा जाता है कि लोग ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर खुद की जान ही नहीं बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। सड़क हादसों में बड़ी संख्या में मौतें सिर्फ इसलिए होती हैं क्योंकि दोपहिया वाहन चालक हेल्मेट नहीं पहनते। यही कारण है कि जिले में नो हेल्मेट, नो फ्यूल अभियान को जोर-शोर से लागू किया जा रहा है। अब तक यह जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस निभा रही थी, लेकिन इस बार जिला पूर्ति विभाग ने भी इसे गंभीरता से लिया है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी खुद इस अभियान में उतर आए हैं। उन्होंने जिले के सभी 122 पेट्रोल पंप संचालकों को साफ निर्देश दिए हैं कि बिना हेल्मेट किसी भी दोपहिया चालक को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं, नोटिस जारी कर यह भी कहा गया है कि बोतल, डिब्बे या किसी अन्य पात्र में पेट्रोल-डीजल बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि ऐसा करते पाया गया तो संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोल पंपों की निगरानी के लिए पूर्ति विभाग ने अपने सभी निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में पंपों का औचक निरीक्षण करने, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ तुरंत रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही पंप संचालकों से यह भी अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति बिना हेल्मेट के पेट्रोल डलवाने आता है तो न केवल उसे पेट्रोल देने से इंकार किया जाए बल्कि उसकी गाड़ी और चालक की फोटो खींचकर संबंधित इंस्पेक्टर या ट्रैफिक पुलिस को भेजी जाए। यह कदम न सिर्फ लोगों में जागरूकता लाएगा बल्कि पेट्रोल पंपों पर अक्सर होने वाले झगड़ों और विवादों पर भी अंकुश लगाएगा। कई बार बिना हेल्मेट आए ग्राहक पंप कर्मचारियों से उलझ पड़ते हैं और माहौल बिगड़ जाता है।

## सेवा से सेवानिवृत्ति संभव, पर इंसानियत से नहीं



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देशभक्ति और मानवता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए नेवल वेटरन वेल्फेयर एसोसिएशन, ग्रेटर नोएडा (पंजी.) ने समाज और राष्ट्र सेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसने सभी को प्रेरित किया। मंगलवार को संस्था के सदस्यों द्वारा सहयोग से एकत्रित 71,000 की राशि का डिमांड ड्राफ्ट प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में भेजने हेतु जिलाधिकारी कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर में एडीएम अतुल कुमार को सौंपा गया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व कर रहे वेटरन अनिल कुमार तेवतिया ने कहा कि सैनिक कभी हार नहीं मानता और वेटरन कभी सेवा करना नहीं छोड़ता। सेवा केवल वर्दी पहनकर ही नहीं होती, बल्कि समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहना भी सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने कहा कि जब देश किसी भी आपदा या संकट से जूझ रहा हो, तब पूर्व सैनिकों का कर्तव्य है कि वे अग्रसर होकर योगदान दें। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक वेटरन लेखराज सिंह, रूप राम सिंह, वासुदेव शर्मा, करमवीर सिंह, सुशील कुमार तेवतिया, मनमोहन शर्मा समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि हम ड्यूटी से रिटायर हो सकते हैं, लेकिन इंसानियत से नहीं। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए वेटरन अनिल कुमार तेवतिया ने कहा कि सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता सांसद एवं समिति के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने की। बैठक में बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी, सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, भोजपुर ब्लाक प्रमुख सूचेता सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र तिवारी, सीडीओ अभिनव गोपाल, डीएफओ ईशा तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अतुल गर्ग ने वायु और जल प्रदूषण की समस्या पर गहरी चिंता जताई। जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि लोनी क्षेत्र में जींस रंगाई फैक्ट्रियों द्वारा केमिकल युक्त गंदा पानी सीधे भूगर्भ में डाला जा रहा है। इस पर अध्यक्ष ने प्रदूषण विभाग को कड़ी कार्यवाही करने और विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में नेशनल हाईवे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा भी उठा। अतुल गर्ग ने एनएचआईए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कटों से पहले स्पष्ट साइनबोर्ड लगाए जाएं ताकि यात्रियों को परेशानी न हो और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में जाम की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है जिस पर त्वरित ध्यान देने की आवश्यकता है। अतुल गर्ग ने कहा कि जनपद में डेंगू मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह अलर्ट रहते हुए विशेष अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना चाहिए। साथ ही नगर निगम को सफाई व्यवस्था और फॉगिंग पर और अधिक जोर देने के निर्देश दिए गए। बैठक में जीडीए, नगर निगम, जल निगम, प्रदूषण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित दर्जनों विभागों की योजनाओं और कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खेलो इंडिया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अमृत योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। अतुल गर्ग ने जीएसटी विभाग को पूरी ईमानदारी और सहानुभूति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, एसडीएम अरुण दीक्षित, आईएएस अयान जैन, एसीएम राजेन्द्र कुमार, डीआईओ योगेंद्र प्रताप सिंह, जल निगम और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अभियंता, नगर निगम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक ने न केवल गाजियाबाद के मौजूदा मुद्दों को सामने रखा बल्कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल की दिशा भी तय की। सांसद अतुल गर्ग ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर होना चाहिए और विभागों की लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का सम्मान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर और प्रदेश के लिए गर्व का क्षण तब आया जब राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने एडवोकेट संदीप त्यागी 'रसम' के नाम की घोषणा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित अरविंद सम्मान 2025 के लिए होने पर हर्ष और बधाई व्यक्त की। यह सम्मान शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिवर्ष उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने राष्ट्रहित, समाजसेवा और सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।

इस वर्ष देशभर से आए भारी संख्या में प्रस्तावों में से केवल 13 विभूतियों का चयन किया गया है, जिनमें गाजप्रस्थ, उत्तर प्रदेश से संदीप त्यागी 'रसम' का नाम शामिल होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। अरविंद सम्मान का आयोजन इस बार 12 अक्टूबर 2025 को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में होगा। समारोह में देशभर से चुने गए महान व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। एडवोकेट संदीप त्यागी 'रसम' लंबे समय से राष्ट्रहित और जनजागरण के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। करीब डेढ़ दशक पूर्व लाल चौक (कश्मीर) पर धारा 370 के विरोध में राष्ट्रध्वज फहराने, गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान, चुनाव सुधार पर उत्तर भारत स्तर पर जनजागरण अभियान, शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन का नामकरण, और अमर बलिदानियों की स्मृति को जीवित रखने वाले अनेक अभियानों में उनकी अग्रणी भूमिका रही है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बड़ी पहल, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ग्रामीण पत्रकारों के हक और सम्मान को लेकर आवाज बुलंद करते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय को दिया गया, जिसमें पत्रकार बंधुओं के लिए बीमा योजना का लाभ और 60 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को पेंशन सुविधा प्रदान किए जाने की मांग की गई। एसोसिएशन का कहना है कि पत्रकार समाज की आँख और कान होते हैं, जो हर परिस्थिति में जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने का कार्य करते हैं। ऐसे में उनके भविष्य की सुरक्षा और सामाजिक सरंक्षण सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए। बीमा योजना और पेंशन सुविधा पत्रकारों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच साबित होगी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष सचिन त्यागी ने कहा कि पत्रकार दिन-रात जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं, परंतु उनके जीवन की असुरक्षाओं की ओर शायद ही कभी ध्यान दिया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस मांग को गंभीरता से लेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महामंत्री राहुल चतुर्वेदी, आशा शर्मा, हितेश कुमार, सुमित शर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह पहल पत्रकारों के हित में ऐतिहासिक साबित हो सकती है और सरकार को इसे तुरंत लागू करना चाहिए। पत्रकारों ने कहा कि वे केवल अपनी सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने के लिए यह मांग कर रहे हैं। यदि बीमा और पेंशन जैसी सुविधाएं दी जाती हैं, तो न केवल पत्रकारों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि समाज और लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

## मुस्लिम समाजसेवकों का गुरुद्वारा समिति ने किया सम्मान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सामाजिक एकता, भाईचारे और इंसानियत की अनूठी मिसाल पेश करते हुए एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की बागडोर संभाली सरदार हरमीत सिंह, प्रबंधक श्री गुरु गोविंद सिंह सभा, बजरिया ने की। कार्यक्रम में पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा के समय राहत सामग्री पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मुस्लिम समुदाय के सेवादारों और समाजसेवकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एएसपी सिंह ओबरॉय और इंद्रजीत सिंह टीटू मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सेवा भाव और निस्वार्थ योगदान देने वाले दर्जनों नामों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से जगमोहन कपूर, जसविंदर सिंह (अमन भाई), जसवीर सिंह, कुलविंदर सिंह, प्रितपाल सिंह खोसला, ज्ञानी संत सिंह, पप्पू भाई, हार्जिंदर सिंह, इमरान, रिजवान, गुलाब सिद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, बल्ले सिद्दीकी, तैयब सिद्दीकी, मुरसलीन कुरैशी, जाकिर मेवाती, दानिश खान, माजिद मलिक, हाजी नदीम कुरैशी और तनवीर समेत कई अन्य नाम शामिल रहे। इन सभी ने पंजाब बाढ़ प्रभावित इलाकों में खाने-पीने की वस्तुएं, कपड़े, दवाइयां और दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पंजाब में जब बाढ़ ने हजारों परिवारों को प्रभावित किया, तब गाजियाबाद से कई गुरुद्वारा समितियां और सामाजिक संगठन मदद के लिए आगे आए। खास बात यह रही कि इस राहत अभियान में मुस्लिम समाज के लोग भी पूरी निष्ठा और लगन से शामिल हुए। उन्होंने न केवल राहत सामग्री जुटाई, बल्कि उसे अपनी मेहनत से बाढ़ प्रभावित गांवों और शहरों तक पहुंचाया। इस अभियान ने पूरे देश के सामने यह संदेश रखा कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। समारोह में बोलते हुए गुरुद्वारा सभा के प्रबंधक सरदार हरमीत सिंह ने कहा कि सिख धर्म का मूल सिद्धांत है सरबत दा भला यानी सबका भला, और यही भावना इस राहत कार्य में साफ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के भाइयों ने जिस तरह से बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया, उसने साबित कर दिया कि इंसानियत की ताकत धर्म और जाति की सीमाओं से कहीं ऊपर है। एएसपी सिंह ओबरॉय ने सभी सेवादारों को बधाई देते हुए कहा कि गाजियाबाद जैसे शहर में सामाजिक सौहार्द की यह अनोखी तस्वीर पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है।